वर्ष 24, अंक 300, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार 7 मई 2025

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# भारतीय सेना ने लिया पहलगाम का बदला, 9 आतंकी ठिकानों पर स्ट्राइक, नाम- ऑपरेशन सिंदूर



**पाकिस्तानः भारतीय** सेना ने जम्मू और कश्मीर स्थित पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला ले लिया है. सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर स्थित मुजफ्फराबाद में भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों पर स्ट्राइक की.

रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया- भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर में आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाते हुए ह्यऑपरेशन सिंदूरह्व शुरू किया, जहाँ से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई गई. कुल मिलाकर, नौ (9) स्थलों को निशाना बनाया गया है.

रक्षा मंत्रालय ने और क्या कहा?

बयान में कहा गया- हमारी कार्रवाई केंद्रित, सधी और उकसाने से बचने वाली रही. किसी भी पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को निशाना नहीं बनाया गया है. भारत ने ठिकानों के चयन और उन्हें तबाह करने तरीके में काफी संयम दिखाया है.

बयान के अनुसार ये कदम पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर उठाए गए हैं जिसमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी गई थी. मंत्रालय ने कहा कि हम इस प्रतिबद्धता पर खरे उतर रहे हैं कि इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा. बाद में ह्यऑपरेशन सिंदूर पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी.

किसने ली थी आतंकी हमले की जिम्मेदारी?

बता दें जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के द रेजिस्टेंस फ्रंट ने ली है. हालांकि बाद में पाक सेना और आईएसआई के दबाव में वह मुकर गए थे. इस हमले में 26 पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी गई थी.पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है. वहीं, जम्मू-कश्मीर सरकार ने 48 पर्यटक स्थलों को बंद करने का निर्णय लिया था.


इसके बाद भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित करने, सभी प्रकार के वीजा रद्द करने का फैसला लिया था. साथ ही भारत ने पाकिस्तान दूतावास में लोगों संख्या कम करने के निर्देश दिए थे।

## पता था कुछ होने वाला है... पाकिस्तान पर भारत की एयर स्ट्राइक को लेकर बोले डोनाल्ड ट्रंप



पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान के कई ठिकानों पर हमला किया. इसको लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि लोगों को पहले से ही पता था कि कुछ होने वाला है.

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, "हमने इसके बारे में तब सुना जब हम ओवल के दरवाजे से अंदर जा रहे थे. मुझे लगता है कि लोगों को अतीत के कुछ अंशों के आधार पर पता था कि कुछ होने वाला है. वे लंबे समय से लड़ रहे हैं. अगर आप इसके बारे में सोचें तो वे कई दशकों और सदियों से लड़ रहे हैं. मुझे उम्मीद है कि यह बहुत जल्दी खत्म हो जाएगा।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी इस पर सधी हुई प्रतिक्रिया दी. रक्षा मंत्री ने लिखा- भारत माता की जय. भारतीय सशस्त्र बलों के इस जवाब पर उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने प्रतिक्रिया दी. उन्होंने लिखा- भारत माता की जय!



भारतीय सशस्त्र बलों के इस अदम्य साहस और वीरता पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिक्रिया दी है. सोशल मीडिया साइट एक्स पर सीएम ने ऑपेरशन सिंदूर की फोटो शेयर करते हुए लिखा- जय हिंद! जय हिंद की सेना!

**सीएम योगी**



बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने लिखा- जय हिंद! जय भारत! न आतंक रहे, न अलगाववाद रहे! हमें अपने वीर जवानों और भारतीय सेना पर गर्व है. दूसरी ओर रक्षा अधिकारी ने कहा कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए भारत-पाकिस्तान सीमा पर सभी वायु रक्षा इकाइयों को सक्रिय कर दिया गया है।

## 7 मई को मॉक ड्रिल

- हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन को बजाया जाएगा
- हमले के समय नागरिकों को खुद की सुरक्षा के लिए ट्रेनिंग दी जाएगी
- मॉक ड्रिल के दौरान ब्लैकआउट किया जाएगा
- महत्वपूर्ण ठिकानों को हमले के वक्त छिपाना
- लोगों से जगह खाली कराना और उन्हें सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने की ट्रेनिंग

## जंग वाले सायरन

- 1962 का चीन युद्ध
- 1965 का भारत-पाकिस्तान युद्ध
- 1971 का भारत-पाकिस्तान युद्ध
- कारगिल युद्धः जंग वाले सायरन का उपयोग बॉर्डर से लगे इलाकों में किया गया था.



## मॉक ड्रिल पर गृह मंत्रालय में उच्च स्तरीय बैठक, पीएम मोदी से मिले NSA अजित डोभाल

**जम्मू-कश्मीर** के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बीच केंद्र सरकार ने 7 मई को दिल्ली, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में राष्ट्रव्यापी नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल की घोषणा की है। कल होने वाली राष्ट्रव्यापी ड्रिल तीन श्रेणियों में कुल 259 स्थानों पर आयोजित की जाएगी। 7 मई को देश के विभिन्न हिस्सों में हवाई हमले के सायरन बजेंगे, क्योंकि नागरिक मॉक ड्रिल में भाग लेंगे, जिसका उद्देश्य युद्ध की स्थिति में खुद को सुरक्षित रखना है।

वहीं, 7 मई को मॉक ड्रिल के आयोजन के संबंध में केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन द्वारा बुलाई गई बैठक में नागरिक सुरक्षा महानिदेशक और एनडीआरएफ महानिदेशक सहित कई उच्च पदस्थ अधिकारियों ने भाग लिया। पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर पाकिस्तान के साथ बढ़े तनाव के बीच हुई इस बैठक में गृह मंत्रालय के वरिष्ठतम अधिकारी द्वारा नागरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने की तैयारियों की समीक्षा किए जाने की उम्मीद थी।





# मॉक ड्रिल के दौरान आम लोगों को रखना होगा इस बात का ध्यान







**नई दिल्ली**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कई राज्यों को 7 मई (बुधवार) को सिविल डिफेंस ड्रिल (नागरिक सुरक्षा अभ्यास) आयोजित करने के निर्देश दिए हैं. कल मॉक ड्रिल में शामिल होंगे 244 सिविल डिस्ट्रिक. सूत्रों के अनुसार, इस अभ्यास के दौरान एयर रेड वार्निंग सायरन बजाए जाएंगे और आम नागरिकों व छात्रों को इस बात की ट्रेनिंग दी जाएगी कि दुश्मन के हमले के वक्त खुद की सुरक्षा कैसे करें

कई लोगों के मन में यह सवाल उठ रहा होगा कि मॉक ड्रिल के दौरान स्कूल-कॉलेज, बैंक, बाजार आदि खुले रहेंगे या बंद? अभी तक सरकार की ओर से इन मॉक ड्रिल के कारण किसी भी सेवा, स्कूल या कॉलेज को बंद करने के संबंध में कोई अपडेट नहीं आया है। गृह मंत्रालय (एमएचए) ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आधुनिक और जटिल खतरों के खिलाफ देश की तैयारियों का परीक्षण करने और उन्हें मजबूत करने के लिए अभ्यास करने का निर्देश दिया।

फिलहाल, इन जिलों के स्कूलों और कॉलेजों द्वारा छुट्टियों की घोषणा या ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित करने के बारे में कोई अपडेट नहीं है। 7 मई को देश भर में बैंक खुले रहेंगे तथा सामान्य रूप से काम करेंगे, भले ही उस दिन राष्ट्रव्यापी नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल निर्धारित हो। हालांकि स्थानीय अधिकारी नागरिक सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करने में जुटे हैं कि अभ्यास बिना किसी घबराहट या जनता में किसी प्रकार की असुविधा पैदा किए सुचारु रूप से संपन्न हो जाए, लेकिन कुछ क्षेत्रों में निवासियों को यातायात जाम, सड़कों का अस्थायी रूप से बंद होना, इंटरनेट बंद होना या ब्लैकआउट जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। अतः बाहर निकले को समय ज्यादा लेकर चलें।

सूत्रों के अनुसार, लोगों को सलाह दी जाएगी कि वे अपने पास नकदी रखें, ताकि मोबाइल डिवाइस और डिजिटल लेन-देन में बाधा उत्पन्न होने की स्थिति में वे अपने पास नकदी रख सकें।

सूत्रों ने बताया कि नागरिकों को घर पर अतिरिक्त आपूर्ति, टॉर्च और मोमबत्तियाँ रखने के लिए कहा जाएगा।

ऑपरेशन के पैमाने के बावजूद, अधिकारियों ने पुष्टि की है कि सार्वजनिक परिवहन प्रणाली, ट्रेन, बसें और उड़ानें सहित दैनिक सेवाएँ निर्धारित समय पर चलती रहेंगी। अस्पताल, आपातकालीन प्रतिक्रिया दल और उपयोगिताएँ जैसी आवश्यक सेवाएँ भी पूरी तरह से चालू रहेंगी। मॉक ड्रिल के दौरान, हवाई हमले की चेतावनी, निकासी रिहर्सल, ब्लैकआउट प्रोटोकॉल और यहां तक ??कि भारतीय वायु सेना के साथ हॉटलाइन संचार को सक्रिय करने का भी अभ्यास किया जाएगा। इस अभ्यास में क्रैश-ब्लैकआउट उपाय, महत्वपूर्ण संयंत्रों और प्रतिष्ठानों को समय से पहले छिपाना और निकासी योजनाओं को अपडेट करना और उनका रिहर्सल करना भी शामिल होगा।


### ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत से कांप जाएगा पाकिस्तान

## भारत के शस्त्रागार में 'ब्रह्मास्त्र'



**नई दिल्ली - पाकिस्तान** के साथ बढ़ते तनाव के बीच हम आपको बताने जा रहे हैं भारत की पावरफुल मिसाइल ब्रह्मोस के बारे में। ब्रह्मोस एक लंबी दूरी की रैमजेट सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है जिसे पनडुब्बियों, जहाजों, लड़ाकू विमानों या टीईएल से लॉन्च किया जा सकता है। यह भारतीय रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और रूसी संघ के एनपीओ मशिनोस्ट्रोयेनिया के बीच एक संयुक्त उद्यम है, जिन्होंने साथ मिलकर ब्रह्मोस एयरोस्पेस का गठन किया है। मिसाइल पी-800 ओनिक्स पर आधारित है। ब्रह्मोस नाम दो नदियों, भारत की ब्रह्मपुत्र और रूस की मोस्कवा के नामों से बना एक पोर्टमैंटू है। भारत और रूस द्वारा संयुक्त रूप से विकसित ब्रह्मोस मिसाइल का नाम ब्रह्मपुत्र और मोस्कवा नदियों से लिया गया है, जो सांस्कृतिक विरासत और रणनीतिक सहयोग के मिश्रण का प्रतीक है। इसका भारतीय नाम, ब्रह्मपुत्र, सृष्टि के हिंदू देवता ब्रह्मा से जुड़ा हुआ है, जो मिसाइल को प्रतीकात्मक रूप से दिव्य अधिकार, ज्ञान और संतुलन के साथ जोड़ता है। यह पौराणिक संदर्भ ब्रह्मास्त्र के समानांतर गहरा होता है, जो भारतीय महाकाव्यों का एक पौराणिक हथियार है, जो अपनी विनाशकारी शक्ति और केवल गंभीर परिस्थितियों में उपयोग के लिए जाना जाता है।

## भारत-यूके के बीच फ्री ट्रेड, मोदी ने बताया मील का पत्थर, कहा- स्टार्मर से मुलाकात का इंतजार



**नई दिल्ली**

भारत और ब्रिटेन ने एक व्यापक व्यापार समझौते की घोषणा की, जिसके तहत अधिकांश वस्तुओं और सेवाओं पर टैरिफ हटा दिया गया है। यह कदम नई दिल्ली और अमेरिका सहित अन्य देशों के बीच इसी तरह के समझौतों का अग्रदूत साबित हो सकता है। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में इस सौदे की घोषणा करते हुए इसे एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया और कहा कि वह जल्द ही भारत में यूके के पीएम कीर स्टारमर से मिलने के लिए उत्सुक हैं। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की 28 अप्रैल की लंदन यात्रा के बाद, दोनों देशों ने 29 अप्रैल को वार्ता के समापन की घोषणा करने की उम्मीद की थी, लेकिन अंतिम समय में चर्चा को आगे बढ़ा दिया गया।

भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता नौ महीने के विराम के बाद फरवरी में वार्ता फिर से शुरू होने के बाद हुआ। यह ऐसे समय में महत्वपूर्ण हो गया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्यापारिक साझेदारों पर पारस्परिक टैरिफ की घोषणा की है, जो फिलहाल 9 जुलाई तक स्थगित है। भारत अमेरिका और कई अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है।

## दंगाई बाहर से लाए गए, उनके उकसावे में नहीं आएं...

**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुर्शिदाबाद हिंसा से प्रभावित लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा और धार्मिक कट्टरपंथियों की बात सुनकर लोगों में विभाजन पैदा न करें। मुर्शिदाबाद में सरकारी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि दंगाई बाहर से बंगाल में लाए गए हैं, उनके उकसावे में नहीं आएं। वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान मुर्शिदाबाद के समसेरगंज, सुती और धुलियान सहित कई हिस्सों में हिंसा भड़कने के बाद मुख्यमंत्री ने पहली बार इस क्षेत्र का दौरा किया।

# डंफर की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत, मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** बभनियांव डहियापुर गांव निवासी 20 वर्षीय युवक रंजीत उर्फ गोलू की डंफर की चपेट में आने से मौत हो गई। वह रिश्तेदारी आई महिला को उसकी ससुराल छोड़ने सुरियावां जा रहा था। सरायममरेज थाने की जंघई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पी एम के लिए भेज दिया। घटना सोमवार देर शाम की है प्राप्त जानकारी के अनुसार रंजीत कुमार यादव के घर में 2 मई को शादी थी उसी में घर आई महिला रिश्तेदार को बाइक पर बैठा कर सुरियावां पहुंचाने जा रहा था। अभी वह जंघई बाजार से दुगार्गंज मार्ग पर पिलखिनी गांव के समीप पहुंचा था कि विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही डंफर से रंजीत के सिर में जोर से धक्का लग गया जिससे रंजीत लहूलुहान हो बाइक समेत गिर गया। महिला भी


पंचनामा भर शव को अपने कब्जे में लेती पुलिस

दूर छिटक कर गिर गई सूचना पाते ही परिजन उपचार के लिए प्रयागराज ले जा रहे थे, रास्ते में ही उसकी सांसे टूट गई। सूचना पर पहुंचे जंघई पुलिस चौकी प्रभारी संजय मौर्य, उप निरीक्षक सौरभ यादव ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए प्रयागराज भेज दिया। वहीं मृतक के पिता नंदलाल यादव की तहरीर पर डंफर चालक के विरुद्ध सरायममरेज थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। मृतक रंजीत के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, आकस्मिक दुर्घटना से युवक की मौत से परिजन एवं ग्रामीण हतप्रभ हैं।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से महिला की मौत, पति गंभीर

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के शिवराजपुर चौराहे के पास मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना उस समय हुई जब दंपति मोटरसाइकिल से मऊ, चित्रकूट की ओर जा रहे थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डांडी,महेबा निवासी कृष्णकांत वर्मा उर्फ नवीन (32 वर्ष) अपनी पत्नी रंजना देवी (28 वर्ष) के साथ बाइक से मऊ जा रहे थे। जैसे ही वे शिवराजपुर के पास पहुंचे,अचानक एक भैंस सड़क पर आ गई। भैंस को बचाने के प्रयास में बाइक असंतुलित हो गई और तभी एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने उन्हें कुचल दिया।

हादसे में रंजना देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कृष्णकांत वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी




और घायल को शंकरगढ़ सीएचसी पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें एसआरएन अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक उनके हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं।

शंकरगढ़ थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। मृतका के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। वहीं हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**प्रयागराज।** मेजा थाना क्षेत्र के गांव मदरा मुकुंदपुर गाँव के लालबहादुर पुत्र हेतराम सोमवार की रात कौंधियारा के दीवानकापूरा गाँव में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दोस्त व भतीजे के साथ मोटरसाइकिल से जा रहा था। कठौली गाँव के समीप मोटरसाइकिल एक अनियंत्रित बाइक से जा टकराई जिसमें लालबहादुर की मौके पर ही मौत हो गई। भतीजे ने कौंधियारा थाने पर घटना की जानकारी फोन से दी। इसके बाद कौंधियारा पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया। मृतक लालबहादुर अपने पिता की चार लड़कों में दूसरे नंबर का लड़का था। पत्नी प्रमिला व चार बच्चों को रोरोकर बुरा हाल है।
मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजन के तरफ से मिली तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

-कुलदीप शर्मा थाना प्रभारी कौंधियारा

# दो अलग-अलग गांवों में वाहन दुर्घटना में दो की हालत नाजुक, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र के दो अलग अलग गावो में वाहन से हुए दुर्घटना में दो की हालत नाजुक बनी हुई है।जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज किया है।

बता दे कि होलागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गिरधरपुर गोडवा निवासी शिवम त्रिपाठी का कहना है कि उसका छोटा भाई शिवांश त्रिपाठी जरूरी काम से मऊआइमा जा रहा था। आरोप है कि ग्राम सकरामऊ स्थित एक ढाबे के पास विपरीत दिशा से आ रहे ई रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे शिवांश त्रिपाठी की हालत नाजुक बनी हुई है। जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने ई रिक्शा चालक गौतम हरिजन निवासी




सकरामऊ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर ग्राम दामोदरपुर निवासी भाई लाल बिंद का आरोप है कि उसका नाती लवकुश 11 वर्ष खेल रहा था। जिसे बाइक सवार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे लवकुश की हालत नाजुक बनी हुई है। उसे प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। भाई लाल बिंद ने मऊआइमा थाने में पिंटू सोनी घना का पूरा निवासी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# घरेलू विवाद से आहत महिला ने हाई वोल्टेज तार पकड़ा, गंभीर रूप से झुलसी

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** नगर पंचायत शंकरगढ़ के वार्ड नंबर 3 में मंगलवार को उस समय सनसनी फैल गई जब एक महिला ने घरेलू विवाद से क्षुब्ध होकर छत से गुजर रहे 11,000 वोल्ट के हाई वोल्टेज बिजली तार को पकड़ लिया। करंट लगने से महिला गंभीर रूप से झुलस गई और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 32 वर्षीय पिंकी जायसवाल पत्नी प्रशांत जायसवाल लंबे समय से पारिवारिक तनाव के कारण मानसिक रूप से परेशान चल रही थी। मंगलवार दोपहर उन्होंने अपने मकान की छत से गुजर रही हाई टेंशन लाइन को छू लिया, जिससे उनके शरीर को तीव्र झटका लगा और वह मौके पर ही बुरी तरह



जल गईं। परिजन तत्काल उन्हें गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें एसआरएन अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक करंट लगने से पिंकी का दाहिना पंजा पूरी तरह से जल चुका है, साथ ही शरीर के अन्य भागों पर भी गंभीर जख्म हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मकानों के ऊपर से गुजरती हाई वोल्टेज लाइनें न सिर्फ खतरनाक हैं, बल्कि हादसों को न्योता भी देती हैं।फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं पिंकी की हालत नाजुक बनी हुई है और उसका इलाज प्रयागराज में जारी है। इस दुखद घटना से इलाके में शोक और आक्रोश दोनों का माहौल है। लोगों ने बिजली विभाग से छतों के ऊपर से गुजरने वाली हाई वोल्टेज लाइनों को हटाने की मांग की है ताकि भविष्य में

## पुरानी रंजिश को लेकर यूवक को मार पीट कर किये लहूलुहान, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पूरानी रंजिश को लेकर एक राय हो कर लाठी डंडो से मार पीट कर यूवक को लहूलुहान कर दिया गया ।पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना के सिंकदरपुर नया पूरा गांव निवासी आमित कुमार पुत्र स्वर्गीय राम सजीवन का कथन है कि विपक्षयो से पुरानी रंजिश चली आ रही है ।उस का भाई सुशील कुमार विक्षिप्त है। आरोप है कि उसके पागल भाई ने पडोसी फूलचंद्र की खिडकी में ईट मार कर शीशा तोड दिया। जिस पर अमित कुमार ने उसे बनाने का वायदा किया था।अमित कुमार का आरोप है कि उसके पागल भाई सुशील कुमार को एक राय हो कर लाठी डंडा और पत्थरों से मार कर लहुलुहान कर दिया गया है।तथा जान से मार मारने की धमकी दी गई।अमित कुमार ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर फूलचंद्र,तरुणेश कुमार,अनुज कुमार, हरिश्चन्द्र, मूलचंद्र,तथा घर की महिलाएं नाम अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# ससुराल आए युवक की हत्या, शव नहर से बरामद

**दामाद की हत्या पर ससुर ने अज्ञात में दर्ज कराई एफआइआर**

**करछना।** ससुराल में आए दामाद की हत्या कर दी गई शव को नहर में फेंक कर हमलावर फरार हो गए ससुर ने अज्ञात में मुकदमा पंजीकृत कराया है मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस प्रशासन मृतक के मोबाइल कॉल के डिटेल से हमलावरों तक पहुंचने के करीब है बता दें कि धीरज कुमार मिश्रा 30 वर्ष पुत्र राजकुमार मिश्रा निवासी मेढवली थाना इमलिया जिला सीधी मध्य प्रदेश 4 मई को अपने ससुराल प्रयागराज के करछना थाना अंतर्गत नटका बबुरा बसही आया था ससुराल में ससुर अशोक कुमार गौतम की भाजी की 6 मई को शादी में शामिल होने के लिए आया था पांच मई को शाम धीरज मिश्रा को किसी ने कॉल करके बुलाया इतने में वह अपनी पत्नी को बात कर उससे मिलने चला गया कि 1 घंटे में लौटकर आते हैं लेकिन वह रात नहीं लौटा और



सुबह उसका शव ससुराल से दूर 7 किलोमीटर दूर डीहा गांव के पास नहर में से बरामद हुआ तथा उसकी बाइक घटनास्थल से 7 किलोमीटर दूर बरामद हुई पुलिस ने शव को अज्ञात में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पहचान होने पर धीरज मिश्रा के ससुर अशोक कुमार गौतम ने करछना थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया है। घटना को लेकर पुलिस मृतक के मोबाइल फोन कॉल डिटेल के जरिए घटना में शामिल हमलावरों तक पहुंचने में जुटी है।

# बार एसोसिएशन तहसील करछना चुनाव में संजय द्विवेदी अध्यक्ष निर्वाचित घोषित हुए

**महामंत्री पद पर शिवेंद्र सिंह जीत दर्ज कर निर्वाचित घोषित किए गए**

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** प्रयागराज की सबसे बड़ी तहसील करछना में? चार वर्ष बाद हुए बार एसोसिएशन चुनाव मंगलवार को संपन्न हुआ, बार एसोसिएशन चुनाव में कांटे की टक्कर में प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की अध्यक्ष पद के लिए संजय कुमार पांडे 142 मत पाकर विजई घोषित हुए वही महा मंत्री पद पर शिवेंद्र सिंह उर्फ प्रिंस 135 मत पाकर विजयी घोषित हुए, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर ज्ञान सिंह पटेल 120 मत पाकर विजय घोषित किए गए संयुक्त मंत्री धर्मेंद्र कुमार 85 मत पाकर विजई हुए कोषाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा 120 मत पाकर विजय हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनय कुमार द्विवेदी 189 पद मत पाकर विजय



घोषित किए गए मंगलवार को सुबह से 4: बजे तक मतदान प्रक्रिया पूरी हुई जिसमें 309 मत थे जिसमें 251 मत ही पड़े तथा मतदान के बाद 4:00 बजे मतगणना प्रारंभ हुई जिसमें कांटे की टक्कर में नवनिर्वाचित प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की वही अध्यक्ष पद पर हार का सामना करने वाले ध्रुवराज सिंह के समर्थकों में मायूसी देखी गई साथ ही निर्वाचित सभी प्रत्याशी फूलमालाओं के साथ समर्थकों से एवं साथियों से मिलकर जश्न मनाया

## कौंधियारा ब्लाक सभागार में शोकसभा आयोजित



**प्रयागराज।** बीडीओ कौंधियारा सुभाष चन्द्र की माँ परमा देवी(80) पत्नी स्वर्गीय बलदेव राम का बीते मंगलवार को इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी थी। मंगलवार को प्रमुख कौंधियारा इंद्रनाथ मिश्र की मौजूदगी में ब्लाक सभागार में मृतक आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख कर शोक सभा का आयोजन किया गया। शोकसभा के दौरान बीडीओ कौंधियारा सुभाष चन्द्र सहित कई प्रधान व बीडीसी मौजूद रहे।

# संगठन सृजन अभियान को लेकर कांग्रेसियों की हुई बैठक

**● बैठक में संगठन सृजन अभियान एवं दिनांक 8 मई 2025 को फूलपुर के भुलई का पूरा में संविधान बचाओ रैली को लेकर रणनीति निर्धारित की गई**

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** कांग्रेस पार्टी के जिला कार्यालय पर पार्टी के गंगापार जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद की अध्यक्षता में पार्टी कार्यकताओं और निवर्तमान पदाधिकारीयों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पार्टी द्वारा चलाए जा रहे है संगठन सृजन अभियान एवं दिनांक 8 मई 2025 को फूलपुर के भुलई का पूरा में संविधान बचाओ रैली को लेकर रणनीति निर्धारित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अशफा अहमद ने कहा कि आज देश में अराजकता,गुंडागर्दी,और अव्यवस्था फैल चुकी है। अधिकारी निरंकुश हो गए हैं। शासन प्रशासन को बड़ी से बड़ी घटनाओं पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। महंगाई बेरोजगारी चरम पर है किसान, मजदूर, परेशान है। जब सरकार जाति धर्म संप्रदाय की राजनीति कर रही हो। तो उस देश का मालिक ऊपर वाला ही हो सकता है। अब आप सभी लोगों को गांव-गांव जाकर जनता के हक के लिए संघर्ष के माध्यम से लड़ाई लड़कर न्याय दिलाना होगा। मैं आप लोगों के लिए जहां जरूरत होगी न्याय के लिए लड़ता रहूंगा। सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही आपको सम्मान और न्याय दिला सकेगी और आपके संघर्ष के लिए लड़ती रहेगी। बैठक का संचालन राम मनोरथ सरोज ने किया। इस अवसर पर डॉ जगत नारायण सिंह, शरद उपाध्याय मुन्ना, देवराज उपाध्याय, संजय तिवारी, अशोक सिंह, मेराजुलहक गुल्लू गांधी, श्वेता श्रीवास्तव, राजेश कुमार राकेश, गीता भारतीय, परवेज ताहिर, अजीत भारतीय, दिनेश भारतीय, मुन्ने बाबू, बृजेश सिंह, नसीम हाशमी, सौरभ श्रीवास्तव, सुरेश गौतम, महेंद्र प्रताप सिंह, सोनू दुबे, अफ्फान अशहर, राकेश पासवान, सलीम टाइगर, देवेन्द्र गौतम, कैफ वारसी, मनोज राकेश पटेल, संगम लाल गुप्ता आदि उपस्थित रहे।


बैठक को संबोधित करते अशफाक अहमद

# सर्वोच्च सर्व कल्याण संस्थान ने बेजुबान पक्षियों के लिए जलपात्र का किया दान

**अखंड भारत संदेश**

**जसरा।** सर्वोच्च सर्व कल्याण संस्थान रेरा जसरा के संयोजक द्वारा बेजुबानों को पानी पिलाने के लिए जलपात्र का दान किया गया। संयोजक अजीत मालवीय और उनके सहयोगियों के द्वारा थाना बारा में बेजुबान पक्षियों के लिए जलझपात्र में पानी रखा गया। संस्थान के संयोजक अजीत मालवीय ने बताया कि उनकी संस्था हमेशा से ही सामाजिक कार्यों में तत्पर रहती है। इन बेजुबानों के लिए इस भीषण गर्मी में जल का प्रबंध करना हमारा सामाजिक और नैतिक दायित्व व धर्म



है। थाना बारा प्रभारी कृष्ण कुमार सिंह और उपनिरीक्षक अमित कुमार राय ने बेजुबानों की चिंता करने वाले स्वयं सेवियों का आभार प्रकट किया। श्री सिंह ने कहा कि इस भीषण गर्मी में बेजुबानों को पानी पिलाने के लिए अपने अपने घरों में जलपात्र घरों के छतों पर रखकर इस पुण्य के भागीदार बनें। इस अवसर पर आशीष सिंह हिमांशु सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा जेल

**अखण्ड भारत सन्देश**

**मांडा।** इलाकाई क्षेत्र के मांडा थानांतर्गत हंडिया गांव में विगत 30 अप्रैल को गांव का एक अभियुक्त ने घर के अंदर रखा मोबाइल फोन को चुरा लिया। वही भुक्तभोगी ने थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था।

गौरतलब हो कि मांडा थाना क्षेत्र के हंडिया गांव निवासी नन्दनी कुशवाहा ने 30 अप्रैल को तहरीर देकर चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। वही मांडा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार सुबह सवा सात बजे मस्तान शाह पहाड़ी लालगंज मुख्य मार्ग से गिरफ्तार कर मांडा थाने लाया गया। पूछताछ व जामा तलाशी के दौरान दो अदद इंड्रायड मोबाइल फोन बरामद किया गया। वही अपना नाम अतुल उर्फ रोशन पुत्र राम प्रताप निवासी हंडिया, थाना मांडा बताया। मांडा पुलिस पूछताछ के बाद आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया है।




# वाहन स्वामियों में अचानक चेकिंग होने से मचा हड़कम्प

**मांडा में दर्जनों दो पहिया वाहनों का हुआ चालान**

**अखण्ड भारत सन्देश**

**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के मांडा इंस्पेक्टर के नेतृत्व में दो पहिया वाहनों का अचानक चेकिंग होने से वाहन स्वामियों में हड़कम्प मच गया है। वही दर्जनों वाहनो का बिना हेमेट व कागजो के पाए जाने पर चालान काटा गया और बिना हेमेट का वाहन चालको को चलाने पर सुझाव दिया कि दुर्घटना होने पर मौत के घाट उतर जाते है इसलिए स्वयं सुरक्षा के लिए हेमेट जरुरी है।


वाहनों की चेकिंग करती पुलिस

सोमवार दोपहर बाद मांडा इंस्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में मांडा थाने के सामने दो पहिया वाहनों की अचानक चेकिंग लगाया गया जिसमें दर्जनों वाहनों का चालान काटा गया। वही वाहन स्वामियों में हड़कम्प मचा रहा। चेकिंग के दौरान एसआई शिव कुमार गोयल, आमिर खान अख्तर, महेश कुमार मौर्य आदि दर्जनों पुलिस कर्मी वाहनों को रोक कर बिना हेमेट व कागजो को उपलब्ध न करवाने पर चालान काट ने कुछ वाहन चालक रास्ता बदकर कर भागते नजर आए।

# नागरिक सुरक्षा मॉकड्रिल के आयोजन की तैयारियों के सम्बंध में बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**



नागरिक सुरक्षा मॉकड्रिल के आयोजन की तैयारियों के सम्बंध में पुलिस लाइन के सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते अपर पुलिस आयुक्त डॉ0 अजय पाल शर्मा

**प्रयागराज।** आपातकालीन या आकस्मिक स्थितियों में बचाव हेतु बरती जाने वाली सर्तकता एवं सावधानियों के सम्बंध में जागरूकता हेतु बुधवार को विभिन्न स्थलों पर होने वाली नागरिक सुरक्षा मॉकड्रिल के आयोजन की तैयारियों के सम्बंध में मंगलवार को पुलिस लाइन के सभागार में अपर पुलिस आयुक्त डॉ0 अजय पाल शर्मा की अध्यक्षता में स्टेक होल्डर्स तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अपर पुलिस आयुक्त के द्वारा विभिन्न विभागों एवं स्टेक होल्डर्स के साथ बुधवार को होने वाली मॉकड्रिल में की जाने वाली गतिविधियों के सम्बंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। सिविल डिफेंस के द्वारा आकस्मिक एवं इमरजेंसी परिस्थितियों में बचाव हेतु जागरूक करने के लिए मॉकड्रिल में किस प्रकार की गतिविधियां की जायेगी, इस बारे में विस्तार से चर्चा की गयी। इसी तरह से आपातकालीन या आकस्मिक स्थिति में विद्युत विभाग के द्वारा रात्रि के समय ब्लैक आउट किये जाने तथा अन्य आकस्मिक परिस्थितियों में विद्युत विभाग के द्वारा अपनाये जाने वाले उपायों के बारे में चर्चा की गयी। इसके साथ ही साथ आपातकालीन या आकस्मिक स्थिति में स्ट्रीट लाइटों को बुझायें जाने तथा सायरन बजने के कितने समय बाद ब्लैक आउट करने तथा पुनः कितने समय बाद लाइट को जलाये जाने के सम्बंध में चर्चा की गयी। बैठक में आपातकालीन या आकस्मिक स्थिति में फायर ब्रिगेड के द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गयी।

बैठक में अपर पुलिस आयुक्त ने सिविल डिफेंस, फायर बिग्रेड, आरएएफ, एडीआरएफ, एनसीसी, एनएसएस, सिविल पुलिस को संयुक्त रूप से आकस्मिक स्थितियों में बचाव एवं लोगो की सहायता किये जाने के लिए मॉकड्रिल किये जाने लिए कहा। उन्होंने कहा कि इन आकस्मिक परिस्थितियों में बचाव हेतु मॉकड्रिल के माध्यम से पब्लिक को जागरूक किया जाये। उन्होंने कहा कि आपातकालीन स्थितियों में लोग पैनिक न हो, इसके बारे में जागरूक किये जाने हेतु मॉकड्रिल किया जाये। किसी आपातकालीन स्थिति में लोगो को कैसे रेस्क्यू किया जाये, इसको भी मॉकड्रिल में शामिल किया जाये। उन्होंने कहा कि इन स्थितियों में लोगो को अफवाहों से बचने के लिए अधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करने के लिए कहा। मॉकड्रिल में कंट्रोल रूम तथा सैडो कंट्रोल केन्द्र को भी चेक किये जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि मॉकड्रिल का उद्देश्य सिविलियन, छात्रों तथा अन्य लोगो को अटैक के समय बचाव किये जाने के तरीकों के बारे में जानकारी/प्रशिक्षण दिया जाना है। रात्रि के समय सायरन बजने के पश्चात ब्लैक आउट करने हेतु सड़क, घरों व अन्य लाइटों को बुझाया जाना, इंवर्टर बंद रखना, टॉवर लाइट को स्वीच ऑफ करना के सम्बंध में सम्बंधित संस्थाओं व लोगो को जागरूक किया जाने के तरीको को मॉकड्रिल में शामिल किया जाये। लोगो को यह भी जागरूक किया जाये कि ब्लैक आउट के समय घर के अंदर ही रहे तथा खतरा समाप्त होने का सायरन बजने के बाद ही लाइट को जलाये। इस अवसर पर पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्टेक होल्डर्स उपस्थित रहे।

## फंदे से झूलता मिला एलएलबी छात्र लॉज के कमरे में लटका मिला शव

**बहराइच का रहने वाला था छात्र**



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में रहकर परीक्षा की तैयारी करने वाले एक एलएलबी छात्र ने फांसी लगाकर जान दे दी। सोमवार शाम को वह एलएलबी की परीक्षा देकर वापस लौटा था। इसके बाद उसने लॉज के कमरे में फांसी लगा ली। कहा जा रहा है कि पेपर खराब होने की वजह से उसने आत्महत्या कर ली। हालांकि कमरे की तलाशी में पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला।बता दे कि शहर के गोविंदपुर इलाके के लाज में रहने वाले एलएलबी छात्र 24 वर्षीय सल्वंत चंद्रा की मौत से लॉज के छात्र सदमें में हैं। बहराइच के जरवल रोड थाना क्षेत्र के ढोवाल पुरवा का रहने वाला सल्वंत चंद्रा दो भाई व एक बहन में सबसे छोटा था। उसके बड़े भाई लखनऊ में नौकरी करते हैं। सल्वंत गोविंदुपर स्थित एक लाज में रहता था। सोमवार को वह एलएलबी का पेपर देने गया था। दोपहर बाद वापस लौटा तो काफी मायूस था। परीक्षा से लौटने के बाद वह अपने कमरे में चला गया। रात में वह कमरे से नहीं निकला तो बगल में रहने वाले दूसरे छात्रों ने उसे फोन किया। उसका फोन नहीं उठा तो छात्रों को शक हुआ। छात्रों ने उसके भांजे देवेश को बुलाया। उसने लाज में पहुंच दरवाजा पीटा तो कोई जवाब नहीं मिला।

लाज में रहने वाले अन्य छात्रों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया। कमरे में पंखे से नायलान की रस्सी के सहारे सल्वंत की लाश लटक रही थी। खबर पाकर शिवकुटी पुलिस पहुंची। कमरे व मृतक की कपड़े की तलाशी ली, लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह मामले में अब 23 मई को सुनवाई

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय में जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्रा की अदालत में मंगलवार को श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद मामले आज सुनवाई हुई। एक घंटे से भी अधिक देर तक चली सुनवाई के दौरान मंदिर के पक्ष कार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने मुस्लिम पक्ष की और से दाखिल की गई आपत्तियों का जवाब देते पुनः मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित किए जाने की मांग की। उन्होंने शपथ पत्र के साथ ही प्रत्युत्तर दाखिल कर दिया। कोर्ट ने अब अगली सुनवाई के लिए 23 मई की तारीख निर्धारित की है। मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित किए जाने की मांग का मुस्लिम पक्ष ने किया विरोध हिंदू पक्षकार एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने कोर्ट की कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में कोर्ट में मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित किए जाने की मांग की थी, इस पर मुस्लिम पक्ष ने अपनी आपत्ति दर्ज की। इस मुद्दे पर कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुना। अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने हाईकोर्ट में शपथ पत्र के साथ प्रत्युत्तर दाखिलकिया है। इसमें उन्होंने कहा है कि विवादित स्थल के लिए ₹विवादित संरचना₹ शब्द का उपयोग करना जरूरी है, ताकि अदालत के रिकॉर्ड में निष्पक्षता और तटस्थता बनी रहे।

उन्होंने कहा कि अयोध्या की बाबरी मस्जिद और संभल मामले में भी मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित किया गया था। महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने दावा है कि यह मस्जिद श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर अतिक्रमण कर-के बनाई गई थी। साथ यह भी कहा कि अपने हलफनामे में कहा है कि उन्होंने कभी भी मस्जिद होने की बात स्वीकार नहीं की है और वे लगातार इसकी धार्मिक पवित्रता और वक्फ स्थिति को चुनौती देते रहे हैं।

# हम बिहार के सीएम नीतीश कुमार के सिपाही हैं जनता के साथ अन्याय होने नहीं देंगे : शालिनी सिंह

- आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता को लेकर जेडीयू का प्रतिनिधि मंडल चित्रकूट धाम के मंडलायुक्त को सौंपा शिकायती पत्र कहा भर्ती प्रकिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता की दिशा में मंडलायुक्त उठाए जरूरी कदम
- प्रतिनिधि मंडल की मांग पर मंडलायुक्त ने लिया त्वरित एक्शन स्वतंत्र जांच समिति गठित करने का दिया आश्वाशन



शालिनी सिंह पटेल के नेतृत्व में मण्डलायुक्त को शिकायती पत्र देने पहुचा जेडीयू का प्रतिनिधिमंडल

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** जनता दल यूनाइटेड उत्तर प्रदेश की प्रदेश उपाध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल के नेतृत्व में जेडीयू का प्रतिनिधिमंडल चित्रकूट धाम मंडल के मंडलायुक्त से मुलाकात कर आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया में व्यापक पैमाने पर की जा रही अनियमितताओं से संबंधित शिकायती पत्र सौंपा।

उल्लेखनीय है कि प्रतिनिधिमंडल की मांग पर मंडलायुक्त ने तत्काल संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करने और एक स्वतंत्र जांच समिति के गठन की प्रक्रिया शुरू करने का आश्वाशन दिया और कहा कि यह कदम भर्ती में पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में उठाया गया कदम है। शिकायती पत्र में जदयू नेताओं ने आरोप लगाया कि बाँदा, चित्रकूट, हमीरपुर और महोबा जनपदों में आय प्रमाण पत्रों में हेराफेरी कर योग्य अभ्यर्थियों को बाहर कर दिया गया है जबकि अपात्रों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया। शिकायत में प्रतिनिधिमंडल ने आग्रह किया कि जांच समिति में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के अधिकारियों को शामिल न किया जाए, जिससे हितों का टकराव न हो और निष्पक्षता बनी रहे। इस मौके पर जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि हम शोषित, पीड़ित, वंचित, किसान तथा युवाओं के साथ साथ हर वर्ग की आवाज को बुलंद करेंगे। हम नीतीश कुमार के सिपाही हैं और पूरी ईमानदारी से काम करेंगे। जेडीयू नेत्री ने आगे कहा कि हम जनता के साथ किसी प्रकार का अन्याय नहीं होने देंगे, और उन्हें न्याय दिलाना ही हमारी प्रथम प्राथमिकता है। प्रतिनिधिमंडल में जदयू की समाज सुधार वाहिनी प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष गरिमा सिंह पटेल, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष रागिनी तिवारी, जिलाध्यक्ष उमाकांत सविता और नगर विकास प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष काशी प्रसाद याज्ञिक शामिल रहे। गौरतलब है कि जेडीयू प्रतिनिधि मंडल के शिकायती पत्र पर मंडलायुक्त द्वारा त्वरित एक्शन लेने के लिए प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती शालिनी सिंह ने सराहना करते हुए कहा कि जदयू इस मुद्दे की निगरानी करता रहेगा और जनता के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखेगा।

## गिट्टी से भरा डंपर डिवाडर पर चढ़कर पलटा, बड़ी दुर्घटना टली

**अखंड भारत संदेश**

**डंपर पलटने के कारण यातायात प्रभावित हुआ लेकिन सूचना पर पहुंची पुलिस ने सड़क पर कुछ दूर तक वनवे लगाकर यातायात व्यवस्था सही की**



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में मेजा से गिट्टी लादकर एक डंपर शहर की ओर जा रहा था। अरेवा कंपनी के पास छिवकी स्टेशन जाने वाले मोड पर अचानक कार वाले द्वारा ओवरटेक करने के कारण चालक को डंपर से नियंत्रण छूट गया। लोड डंपर होने के कारण वह डिवाइडर से टकराते हुए सड़क की दूसरी साइड पलट गया। लोगों का कहना है कि इस बीच डंपर चालक और खलासी उससे कूदकर अपनी जान बचाई। डंपर पलटने के कारण यातायात प्रभावित हुआ लेकिन सूचना पर पहुंची पुलिस ने सड़क पर कुछ दूर तक वनवे लगाकर यातायात व्यवस्था सही की। दोपहर बाहर बजे के आस-पास डंपर को सीधा कर सड़क के किनारे लगाया गया।

## झूंसी क्षेत्र में बढ़ी ई-रिक्शा चोरी की घटनाएं

- दो रात में अलग-अलग स्थानों से दो ई-रिक्शा हुए चोरी
- पुलिस ने दर्ज किया रिपोर्ट

**झूंसी।** थाना क्षेत्र में चोरों ने गरीबों के जीविकोपार्जन के साधन को लगातार निशाना बना रहे हैं। दो रात में अलग-अलग स्थानों से दो ई-रिक्शा चोरी कर उनके रोजी-रोटी कमाने पर संकट उत्पन्न कर दिया है। पुलिस ने चोरी की दोनों घटनाओं में रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। उस्तापुर महमूदाबाद निवासी श्रीनाथ भारतीया पुत्र भुल्लुर प्रसाद रोजी-रोटी कमाने के लिए ई-रिक्शा खरीदा था। वह रविवार शाम मिलन चौराहे पर घर के सामने ई-रिक्शा खड़ा किए थे। सुबह जब उठे तो ई-रिक्शा का गायब था। कनिहार रोड बंधवा ताहिरपुर निवासी दिनेश कुमार पांडेय किराए पर ई-रिक्शा लेकर परिवार का गुजर बसर करते थे। रविवार रात इनके भी दरवाजे के सामने से ई-रिक्शा चोरी चला गया। लगातार ई-रिक्शा चोरी होने पर चालकों में भय व्याप्त है।

## वक्फ सुधार जनजागरण अभियान को लेकर हुई बैठक



बैठक में मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए

**अखंड भारत संदेश**

**उतरांव।** प्रयागराज के विधान सभा हंडिया मे मंगलवार कों वक्फ सुधार जन जागरण अभियान कों लेकर समाजसेवी व वरिष्ट भाजपा नेता सैफुल अब्बास के आवास स्थित एक बैठक आयोजित की गई। वक्फ सुधार जनजागरण अभियान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अनामिका चौधरी वहीँ रही प्रदेश मंत्री भाजपा पूर्व सदस्य राज्य महिला आयोग व पूर्व उपमहापौर प्रयागराज रही। इस मौके पर उन्होंने कहा की वक्फ संशोधन बिल गरीब मुस्लिमों कों उनका हक मिलेगा। आगे कहा की वक्फ संशोधित बिल से वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में सुधार होगा। समाज के हित में इन संपत्तियों कों संरक्षण और उचित प्रबंधन मिलेगा वही अवैध कब्जा करने वालों पर अंकुश लगेगा। इस कानून से वक्फ संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन से समाजिक और आर्थिक विकास कों बढ़ावा मिलेगा। अल्पसंख्यक लोग किसी के बहकावे में न आये। आप का हक अधिकार कों कोई नहीं छीन सकता है। आप सब का मान सम्मान भाजपा सरकार में हमेशा रहेगा। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्याय अनिरुद्ध सिंह पटेल, राकेश बिन्द मंडल अध्यक्ष हंडिया, बीरेंद्र मौर्या, मनोज बिन्द, हिरेन्द सिंह, अनुज तिवारी, अजय पाण्डेय पाण्डेय, डी सी एफ, संतोष शुक्ला, धनंजय पाण्डेय, आदि समाजसेवी, भाजपा कार्यकर्त्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम आयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता सैफुल अब्बास आये हुए अभी लोगों का जलपान कराकर आभार जताया।

# एमएल पब्लिक स्कूल के छात्रों ने बनाए विज्ञान विषय पर आधारित अनोखे कार्यशील मंडल

**स्कूल के प्रबंधक वेद प्रकाश गुप्ता और चेयरमैन दुर्गा प्रसाद गुप्ता सहित समस्त स्टाफ के लोगों ने किया प्रशंसा,कहा बच्चे भविष्य में स्कूल का नाम करेंगे रोशन**




**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** क्षेत्र के बगहा सिरसा स्थित एमएल पब्लिक स्कूल में विद्यालय के बच्चो ने विज्ञान विषय से सम्बंधित कई माडल बनाए, जिसमें आयु पांडे द्वारा जेसीबी का कार्यशील मॉडल बनाया गया साथ ही बताया गया कि जेसीबी (बैकहो लोडर) के कार्यशील मॉडल में खुदाई के लिए आगे की ओर लगी बाल्टी और सटीक खुदाई के लिए पीछे की ओर लगा बैकहो होता है। उल्लेखनीय है कि डीजल इंजन द्वारा संचालित, इसमें कुशल, बहुमुखी निर्माण कार्यों के लिए हाइड्रोलिक सिस्टम, आर्टिकुलेटेड स्टीयरिंग और स्टेबलाइजर शामिल हैं। इसी प्रकार स्कूल के छात्र हर्ष नंदन गुप्ता द्वारा मानव श्वसन तंत्र का कार्यशील मॉडल प्रस्तुत करते हुए बताया कि मानव श्वसन प्रणाली मॉडल में नाक गुहा, ग्रसनी, श्वासनली, ब्रांकाई और फेफड़ों से हवा गुजरती दिखाई देती है। डायाफ्राम और इंटरकोस्टल मांसपेशियां सांस लेने को संचालित करती हैं। एल्वियोली गैस विनिमय की सुविधा प्रदान करती हैं, रक्त को ऑक्सीजन प्रदान करती हैं और कार्बन डाइऑक्साइड को बाहर निकालती हैं, जो कुशल श्वसन कार्य को प्रदर्शित करती हैं इसी प्रकार सृष्टि सैनी ने स्मार्ट सिटी मॉडल बनाया और बताया कि स्मार्ट सिटी मॉडल में स्मार्ट ग्रिड, स्वचालित परिवहन, ग्रीन बिल्डिंग और रियल-टाइम डेटा सिस्टम की विशेषता वाले लोट, एआई और संधारणीय बुनियादी ढांचे को एकीकृत किया जाता है। यह ऊर्जा, यातायात और अपशिष्ट प्रबंधन को अनुकूलित करता है, जिससे दक्षता और पर्यावरणीय स्थिरता के साथ शहरी जीवन में सुधार होता है। इसी क्रम में सक्षम तिवारी द्वारा सड़क सुरक्षा मॉडल बनाया गया जिसमें इन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा मॉडल दुर्घटनाओं की भविष्यवाणी करने और उन्हें रोकने के लिए यातायात, सड़क की स्थिति और चालक के व्यवहार पर डेटा को एकीकृत करता है। एआई का उपयोग करके, यह पैटर्न का विश्लेषण करता है, जोखिमों की पहचान करता है, और सुरक्षा बढ़ाने के लिए गति सीमा या साइनेज जैसे हस्तक्षेप का सुझाव देता है। इसी प्रकार इशिता तिवारी द्वारा सीवेज जल उपचार मॉडल बनाया और बताया कि सीवेज जल उपचार मॉडल अपशिष्ट जल से संदूषकों को हटाने के लिए भौतिक, रासायनिक और जैविक प्रक्रियाओं का उपयोग करता है। इसमें सुरक्षित निपटान या पुनः उपयोग सुनिश्चित करने, सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए स्क्रीनिंग, अवसादन, वातन और कीटाणुशोधन चरण शामिल हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य सतीश उपाध्याय ने सभी बच्चो को इसी तरह आगे भी पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। विज्ञान शिक्षक विजय जैसल, अभिरंजन गुप्ता, रिशु, मनोज विश्वकर्मा ने भी बच्चो के द्वारा बनाए गए माडल की प्रशंसा किया। स्कूल के प्रबंधक वेद प्रकाश गुप्ता और चेयरमैन दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने स्कूल के बच्चो और शिक्षकों की तारीफ करते हुए बच्चो से भविष्य में देश का नाम रोशन करने की बात कही।

## कार्यालय ग्राम सभा फरीदपुर चक ताजपुर वि.ख. मूरतगंज, जनपद कौशाम्बी

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

कार्यालय ग्राम सभा फरीदपुर चक ताजपुर विकास खंड मूरतगंज जिला कौशाम्बी। सामग्री आपूर्ति हेतु 15वां वित्त/पंचम वित्त/ मनरेगा राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन एवं मॉडल गांव शौचालय निर्माण, नाली मरम्मत, तालाबों पर फिल्टरचैंबर, आर आर सी सेंटर खड़ंजा निर्माण, गौशाला में कार्य, सामुदायिक एवं संस्थागत खाद्य गड्ढे, सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग, सोलर लाइट कूड़ा गाड़ी, हैंड पम्प मरम्मत, रेवोर सोक पीट गड्ढा, कायाकल्प, अंत्येष्टि स्थल, अमृत सरोवर कचरा वाहन एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र, सामुदायिक सोक पिट, स्कूल मरम्मत फैज 2 के अंतर्गत समस्त कार्य, एवं नाली एवं इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति पंजीकृत फर्म द्वारा दिनांक- 07/05/2025 से 14 /05/2025 दोपहर 04 बजे तक सील बंद निविदा ग्राम सभा कार्यालय में आमंत्रित की जाएगी। जो दिनांक 15/05/25 को 4.00 बजे उपस्थित फर्म के सामने खोली जाएगी ।स्वीकृत/अस्वीकृत करने का सम्पूर्ण अधिकार ग्राम प्रधान एवं सचिव को होगी। यह निविदा ग्राम पंचायत द्वारा सभी कार्य हेतु मान्य होगी।

**ग्राम प्रधान**
**शिवबरन यादव**
**फरीदपुर चक ताजपुर, वि0खं0 मूरतगंज जनपद कौशाम्बी।**

**पंचायत सचिव**
**धनंजय सिंह**
**फरीदपुर चक ताजपुर, वि0खं0 मूरतगंज जनपद कौशाम्बी।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत उजिहिनी हसन पुर वि.ख. मूरतगंज, जनपद कौशाम्बी

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

कार्यालय ग्राम पंचायत उजिहिनी हसन पुर वि.ख. मूरतगंज, जनपद कौशाम्बी। सामग्री आपूर्ति हेतु 15वां वित्त/पंचम वित्त/ मनरेगा राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन एवं मॉडल गांव शौचालय निर्माण, नाली मरम्मत, तालाबों पर फिल्टरचैंबर, आर आर सी सेंटर खड़ंजा निर्माण, गौशाला में कार्य, सामुदायिक एवं संस्थागत खाद्य गड्ढे, सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग, सोलर लाइट कूड़ा गाड़ी, हैंड पम्प मरम्मत, रेवोर सोक पीट गड्ढा, कायाकल्प, अंत्येष्टि स्थल, अमृत सरोवर कचरा वाहन एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र, सामुदायिक सोक पिट, स्कूल मरम्मत फैज 2 के अंतर्गत समस्त कार्य, एवं नाली एवं इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति पंजीकृत फर्म द्वारा दिनांक- 07/05/2025 से 14 /05/2025 दोपहर 04 बजे तक सील बंद निविदा ग्राम सभा कार्यालय में आमंत्रित की जाएगी। जो दिनांक 15/05/25 को 4.00 बजे उपस्थित फर्म के सामने खोली जाएगी । स्वीकृत/अस्वीकृत करने का सम्पूर्ण अधिकार ग्राम प्रधान एवं सचिव को होगी। यह निविदा ग्राम पंचायत द्वारा सभी कार्य हेतु मान्य होगी।

**ग्राम प्रधान**
**शना बानो**
**ग्राम पंचायत उजिहिनी हसनपुर वि.ख. मूरतगंज, जनपद कौशाम्बी**

**पंचायत सचिव**
**धनंजय सिंह**
**ग्राम पंचायत उजिहिनी हसनपुर वि0खं0 मूरतगंज जनपद कौशाम्बी।**

# भाजपा राज में संविधान खतरे में : कल्पना भटनागर



कार्यक्रम में कांग्रेस सेवादल की प्रदेश प्रभारी कल्पना भटनागर का माला पहनाकर स्वागत करते कांग्रेसी




संविधान बचाओ रैली निकालते कांग्रेसी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** केंद्र की भाजपा सरकार बाबा साहब द्वारा बनाए गए संविधान को समाप्त कर देने का आए दिन षडयंत्र कर रही है किंतु कांग्रेस के सिपाही इसे सफल नहीं होने देंगे। गांव गांव जाकर लोगों को बाबा साहब के उस संविधान की रक्षा करने के लिए जागरूक किया जाएगा, जिससे हमें संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। यह बातें कांग्रेस सेवादल की प्रदेश प्रभारी कल्पना भटनागर ने मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में आयोजित जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली को सम्बोधित करते हुए कही।

कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.प्रमोद पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश में कानून का राज खतरे में है। आए दिन हिंसक घटनाएं हो रही है। कांग्रेस ने देश के आजादी की लड़ाई लड़ी,देश को विकसित किया किंतु केंद्र की मोदी सरकार अपनी उपलब्धियां बताने की जगह कांग्रेस को समाप्त करने की बात करती है। प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी ने कहा कि कांग्रेस एक विचारधारा है, जिसको कभी खत्म नहीं किया जा सकता। जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 4000 हजार किलोमीटर की पदयात्रा करके देश के शोषित, वंचित, पिछड़े, दलित, मजदूर, महिलाओ व अल्पसंख्यकों से मिलकर उनकी समस्याओं को चिन्हित कर सड़क से लेकर सदन तक की लड़ाई लड़ रहे है। आज देश राहुल गांधी के साथ खड़ा है। संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली व सुरेश मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया।इसके बाद संविधान बचाओ मार्च का आयोजन किया गया। अम्बेडकर चैराहे से राजापाल टंकी, पी डब्लू डी ऑफिस, जिलाधिकारी कैंप कार्यालय से आंबेडकर चैराहे पर संविधान निमार्ता डॉ.भीम राव अम्बेडकर की मूर्ति पर माला पहनाकर श्रद्धांजलि अर्पित करतें हुए राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।इस दौरान भगौती प्रसाद तिवारी, सुशील तिवारी, कनिष्का राफेल, शिफा खान, सविता आर्य, अनिल शुक्ला, आलेख पाण्डेय, प्रेम शंकर द्विवेदी, विजय शंकर तिवारी, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, राम रतन तिवारी, अभय तिवारी, विजय प्रताप त्रिपाठी, डॉ.लालजी त्रिपाठी, सूर्य प्रकाश शुक्ला, बृजेंद्र मिश्रा, प्रशान्त देव शुक्ला, प्रशांत सिंह प्रिंशु, सुनीता पटेल, मौलाना वाहिद, राम शिरोमणि वर्मा, राम लवट यादव, सरोज कश्यप, सुरेश कुमार सरोज, शुभम मिश्रा, राजेंद्र वर्मा, इंद्रानंद तिवारी, लल्लन सिंह आदि मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### राजकीय पॉलीटेक्निक प्रेमधर पट्टी में रोजगार मेले का आयोजन 09 मई को

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ के द्वारा 09 मई को पूर्वान्ह 10 बजे से राजकीय पालीटेक्निक प्रेमधर पट्टी दिलीपपुर के निकट में रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें निजी क्षेत्र की 03 कम्पनियों द्वारा ट्रेनी आपरेटर, मशीन आपरेटर व आपरेटर के विभिन्न पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने साथ आई0डी0, मूल शैक्षिक अभिलेख एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिये सर्वप्रथम अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर आनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। आनलाइन पंजीयन के लिये सबसे पहले रोजगार संगम पोर्टल को अपने ब्राउजर में खोले। इसके बाद साइन अपध्लागिन मेन्यू में जाकर जॉबसीकर आप्शन का चयन करें। जॉब सीकर आप्शन पर क्लिक करने के उपरान्त साइन अप पेज दिखाई देगा। इस पेज पर समस्त वांछित सूचनायें भरनी है। रजिस्टर फॉर में दो ऑपशंस मिलेगें, पहला कैम्पस स्टूडेन्ट और दूसरा जनरल जॉब सीकर का है, अगर वर्तमान समय में किसी कैम्पस, इन्स्टीट्यूट या यूनिवर्सिटी के अंतिम वर्ष के छात्र है तो कैम्पस स्टूडेन्ट ऑप्शन सेलेक्ट करना है। यदि पास आउट है तो जनरल जॉब सीकर आप्शन सेलेक्ट करना है। यहां से अपनी समस्त सूचनायें जैसे पर्सनल डिटेल, परमानेन्ट एड्रेस, फिजिकल डीटेल्स, करियर प्रोफाइल, एजुकेशनल क्वालीफिकेशन, एक्सपीरियंस, लैंग्वेज और स्किल आदि भरेगें।

### कोतवाली गेट पर महिलाओं में हुई जमकर मारपीट

**पट्टी।** कोतवाली गेट पर ही दो महिलाओं में मारपीट होने लगी। जिस पर थाने के अंदर से पुलिस बाहर आई। दोनों को छुड़ा कर थाने ले गई। मामले में महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के जाल्हे पुर गांव निवासी एक महिला का आरोप है कि गांव का एक युवक असलहा सटकर उसके साथ दुष्कर्म किया, और उसका वीडियो क्लिप बनाकर लगातार उसका शोषण करता रहा। इस मामले की शिकायत पुलिस से की गई तो पुलिस दोनों पक्षों को थाने बुलाया। मंगलवार को दिन में करीब एक बजे थाने गेट के अंदर जैसे ही महिला प्रवेश करने लगी तो गेट पर आरोपी युवक की खड़ी थी। महिला का बाल पड़कर घसीट लिया, और मार-पीट शुरू कर दी। इसके बाद थाने के अंदर से पुलिस आई दोनों को अलग किया, और दोनों महिलाओं को थाने ले गई। कोतवाल आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी युवक को हिरासत में लिया गया है। प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अन्य कार्यवाही की जा रही है।

### पिता-पुत्री से मारपीट, आरोपी पर मुकदमा दर्ज

**लालगंज।** भंवरी गांव में एक युवती और उसके पिता के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना पहली मई की है, जब भंवरी निवासी मानसी ने आरोप लगाया कि गांव के अखिलेश साहू ने उसे बेवजह मारा-पीटा। जब उसके पिता ने विरोध किया और वजह पूछी, तो आरोपी ने उन्हें भी मारापीटा और उनकी बाइक को नुकसान पहुंचाया। घटना के बाद पीड़िता ने उदयपुर थाने में तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। एसओ राधेश्याम ने बताया कि शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जा रही है और मामले की गहन जांच चल रही है।

### हत्या के प्रयास के मामले में वांछित बाल अपचारी गिरफ्तार

**लालगंज।** लीलापुर थाना के बासूपुर पौड़िया गांव में हुई मारपीट की घटना में हत्या के प्रयास का नामजद मुकदमा दर्ज होने के बाद फरार चल रहे एक बाल अपचारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को आवश्यक पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, यह मामला बासूपुर पौड़िया में हुई गंभीर मारपीट की घटना से जुड़ा है, जिसमें एक बाल अपचारी पर हत्या के प्रयास का आरोप है। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने हन्डोर गांव के पास से पकड़ लिया। लीलापुर थाने के एसओ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि बाल अपचारी से पूछताछ के बाद उसे संबंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया गया है।

# ढाई लाख की चांदी लेकर रिक्शा चालक फरार

- ई रिक्शा चालक को पुलिस ने पकड़ा
- दुकानदार को चांदी दी गई वापस



**बेलखरनाथ धाम।** प्रतापगढ़ शहर से ई रिक्शा पर बैठकर बस अड्डे जा रहे एक स्वर्णकार का लाख रुपए की चांदी रिक्शा चालक लेकर फरार हो गया। पीड़ित दुकानदार ने घटना की सूचना पुलिस को दी। हरकत में आई मकंन्दू गंज पुलिस ने दिलीपपुर पुलिस के साथ सर्च ऑपरेशन कर आरोपित ई रिक्शा चालक को पकड़ लिया। और दुकानदार को चांदी वापस दे दी गई। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के लाल का पूरा गांव निवासी जियालाल सोनी मंगलवार को प्रतापगढ़ चौक से रिक्शे पर बैठकर बस अड्डा गया।और वह रिक्शे से उतरा ही था कि रिक्शा चालक महेश कुमार निवासी कर्मजीतपुर थाना दिलीपपुर रिक्शा लेकर घर चलाया। हैरान परेशान दुकानदार ने घटना की सूचना मकंन्दू गंज पुलिस चौकी पर दी। पुलिस चौकी और दिलीपपुर पुलिस के सर्च ऑपरेशन से ई रिक्शा चालक पकड़ा गया दिलीपपुर में पकड़ा गया। पुलिस ने दुकानदार को चांदी वापस करा दिया।इस संबंध में थानाध्यक्ष दिलीपपुर शत्रुघ्न वर्मा ने बताया कि मकंन्दू गंज पुलिस के साथ ई रिक्शा चालक को पकड़ा गया उसने चांदी वापस कर दी।

## गायब युवती का नहीं लग रहा सुराग, दर-दर भटक रही विधवा मां

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के मोलनापुर गांव निवासी एक विधवा महिला नें पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ को शिकायती पत्र देकर आरोपित किया है कि कन्धई थाना क्षेत्र के अलीपुर गांव का रहने वाला एक युवक उसकी बेटी को चार माह पूर्व बहला फुसला कर भगा ले गया। जब उसे जानकारी हुई तो वह उससे मिलने उसके घर पहुंची तो आरोप है कि उसे मार-पीट कर भगा दिया गया। बेटी से भी नहीं मिलने दिया गया। मामले की शिकायत लेकर पीड़िता विधवा महिला अधिकारियों की चैखट का चक्कर काट रही है पर उसे कहीं से भी न्याय मिलता नजर नहीं आ रहा है। मामले में पीड़ित महिला ने मंगलवार को एसपी डॉक्टर अनिल कुमार को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। एसपी ने संबंधित थाने को मामले की जांच करा कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

# डीपीआरओ ने चार पंचायत सचिवों को लगायी कड़ी फटकार

**अखंड भारत संदेश**




बैठक की अध्यक्षता करते डीपीआरओ

**प्रतापगढ़।** जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे ने विकास खण्ड शिवगढ़ के सभागार में सहायक विकास अधिकारी (पं0), समस्त ग्राम पंचायत सचिव, सूखा न्यूनीकरण की ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों एवं नाम फाउन्डेशन आलोक शुक्ला के साथ समीक्षा बैठक की गयी। सूखा न्यूनीकरण से सम्बन्धित ग्राम प्रधानों को पानी के जलस्त्रोतो को संरक्षित करने हेतु जागरूक किया गया। सम्बन्धित ग्राम प्रधानों एवं सचिवों को हैण्डपम्प सोकपिट, घरेलू पानी का सोकपिट एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं लीचपिट का निर्माण कराये जाने हेतु कड़े निर्देश दिये गये। डीपीआरओ द्वारा सूखा न्यूनीकरण की ग्राम पंचायत एवं अन्य ग्राम पंचायतों में अधिष्ठापित हैण्डपम्पों की समीक्षा में पंचायत सचिव मधुबाला, अबरार अहमद, दीपांकर तिवारी एवं अशोक कुमार द्वारा हैण्डपम्प की सूचना एवं सोकपिट निर्माण कराये जाने की सूचना नहीं उपलब्ध कराये जाने पर कड़ी फटकार लगाते हुये समस्त सचिवों को 03 दिवस के भीतर हैण्डपम्प सोकपिट निर्माण कार्य प्रारम्भ कराये जाने के निर्देश दिये गये। इस दौरान नाम फाउन्डेशन के आलोक शुक्ला द्वारा अवगत कराया गया कि जो भी व्यक्ति नाम फाउन्डेशन के तहत तालाब खुदाई का कार्य करायेगा उसे नाम फाउन्डेशन के तरफ से 50 प्रतिशत की धनराशि उपलब्ध करायी जायेगी। डीपीआरओ ने सम्बन्धित सचिवों को यह भी निर्देशित किया कि आगामी बैठक माह जून 2025 के प्रथम सप्ताह में प्रस्तावित है। बैठक में जिस ग्राम पंचायत में पानी संरक्षण हेतु कार्य होना नही पाया जायेगा तो सम्बन्धित सचिव के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

## करंट की चपेट में आया युवक, हालत गंभीर

**लालगंज।** रोजी-रोटी के सिलसिले में गुजरात में रह रहे एक युवक की छुट्टियों में घर लौटने की खुशी उस समय हादसे में बदल गई जब वह बस की छत से अपना सामान उतारते वक्त करंट की चपेट में आ गया। घायल युवक को गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। घटना मंगलवार दोपहर करीब दो बजे की है। डगरारा गांव निवासी 22 वर्षीय नीरज कुमार वर्मा गुजरात में नौकरी करता है और इन दिनों घर आया हुआ था। वह रोडवेज बस से जलेसरगंज रोड स्थित नगर बस डिपो पहुंचा। डिपो गेट के सामने खड़ी बस की छत पर चढ़कर जब वह अपना सामान उतार रहा था, तभी ऊपर से गुजरे एलटी लाइन के तार की चपेट में आ गया और करंट लगने से बुरी तरह झुलस गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत उसे नीचे उतारा और ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

# सेवा धर्म से बढ़कर कोई धर्म नही : लक्ष्मीकांत तिवारी




**प्रतापगढ़।** ओम सद्गुरू दत्तात्रेय सेवा संस्थान की ओर से शरबत वितरण कार्यक्रम भयहरण धाम में आयोजित किया गया। जिसमें दूर दराज से आये हजारों श्रद्धालुओं को गर्मी के दिनों शरबत पिलाया गया। ओम सद्गुरु दत्तात्रेय सेवा संस्थान के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत तिवारी की देखरेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि सेवा धर्म से बढ़कर के कोई धर्म नहीं होता। इस दौरान प्राणियों की सेवा व पशु पक्षियों की सेवा करने के लिए सभी को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में आए हुए सभी भक्तों ने सेवाभाव व निष्ठा पूर्वक आए हुए आगंतुकों को शरबत पिलाने का कार्य किया। उपरोक्त कार्यक्रम पूरी गर्मी भर संस्था के भक्तों द्वारा चलाया जाता है। इस दौरा राम अकबाल पांडे, दयाशंकर तिवारी, डॉक्टर रामसुंदर प्रजापति, राजेश शुक्ला, विष्णु मौर्य, दीपक यादव, रामानंद पटेल, भोला प्रजापति, इंजीनियर जीबीसिंह, शशि सिंह, संतोष तिवारी, संतोष पांडे, मंजू पांडे आदि उपस्थित रहे।

### जनपद में आज होगा माक ड्रिल का आयोजन

**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी (वि0धा0) आदित्य प्रजापति की अध्यक्षता में एनआईसी सभागार में आपातकालीन परिस्थितियों के दृष्टिगत तैयारियों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने बताया है कि भारत सरकार के निर्देश के क्रम में जनपद में 07 मई को नागरिक सुरक्षा को लेकर माक ड्रिल एवं अभ्यास आयोजित किये जायेगें। उन्होने आपातकालीन परिस्थितियों के दृष्टिगत तैयारियों के सम्बन्ध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये और कहा कि जिन विभागों के जो दायित्व एवं कार्य सौंपे गये है उसका शत प्रति अनुपालन करें। उन्होने बताया कि माक ड्रिल में हवाई हमलो को चेतावनी देने वाले सायरन को बजाया जायेगा, हमले के समय नागरिकों को खुद की सुरक्षा के लिये ट्रेनिंग दी जायेगी, लोगो से जगह खाली कराना और उन्हें सेफ प्लेस तक पहुँचाने की ट्रेनिंग की जायेगी। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह, एआरटीओ दिलीप गुप्ता सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नि:स्वार्थ होनी चाहिए मित्रता : हृदेश कृष्ण शास्त्री



कथा कहते कथावाचक



कथा सुनने को उमड़ी श्रोताओं की भीड़

**अखंड भारत संदेश**

**बेलखरनाथ धाम।** नि:स्वार्थ मित्रता में मिठास रहतीं हैं जैसे भगवान कृष्ण और सुदामा की थी। जबकि भगवान द्वारकाधीश थे और सुदामा एक निर्धन ब्राह्मण इनमें कोई समानता नहीं थी उसके बाद भी उनकी मित्रता को आज भी याद किया जाता है। उक्त बातें पट्टी तहसील क्षेत्र के बंशीपट्टी गांव में श्रीकांत मिश्र बंधुओं द्वारा आयोजित सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथावाचक हृदेश कृष्ण शास्त्री महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि अच्छे मित्र हमेशा सुख-दुख में साथ रहते हैं उनमें अमीरी और गरीबी का कोई भेद नहीं होना चाहिए।निस्वार्थ मित्रता हमेशा बनी रहेगी। आज के समय में लोग हैसियत देखकर मित्रता करते हैं जो ज्यादा दिनों तक नहीं चलती।भगवान अपने मित्र सुदामा निर्धन के पांव अपने आंसूओं से पाखरे।इस दौरान उमाकांत मिश्र, रमाकांत मिश्र, विजय कांत मिश्र, आशीष मिश्र, सुनील मिश्र, सचिन मिश्र, ओम मिश्र, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## वृद्ध मां को डंडे से पीटकर बेटे ने किया लहूलुहान

**पट्टी।** कलयुगी बेटे ने वृद्ध मां को डंडे से पीटकर लहूलुहान कर दिया। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को इलाज के लिए सीएचसी पट्टी लाया गया, जहां पर उसे कई टांके लगे हैं।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बीन्द गांव निवासी लोहड़ी (80) पत्नी स्वर्गीय गुरुदेव मंगलवार की दोपहर में घर के अंदर मौजूद थी। इस दौरान बेटे महेंद्र से किसी बात को लेकर कहां सुनी हो गई। आरोप है कि महेंद्र ने डंडा उठाकर वृद्ध मां लोहरी को जम-कर पीटा। जिससे उसके दोनों हाथ में गहरा घाव हो गया। आस-पास के लोग बीच बचाव किया तो उसकी जान बची। घायल वृद्ध को मंगलवार की दोपहर करीब एक बजे सीएचसी पट्टी लाया गया।जहां पर दोनों हाथों में करीब 12 टाके लगे हैं। घायल महिला को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

# पांचवें दिन राम कथा सुनने को उमड़ा जनसैलाब

## राजाओं में सबसे शीतल स्वभाव के थे मिथिलेश : प्रेमभूषण महाराज

**अखंड भारत संदेश**



**पट्टी।** तहसील की नगर पंचायत रामगंज के वार्ड नंबर 4 संग्रामगंज में स्थित श्री छोटी अयोध्या धाम पर आयोजित मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा मंगलम महोत्सव के पश्चात हो रही विश्व विख्यात श्री राम कथा मर्मज्ञ प्रेमभूषण महाराज के द्वारा राम कथा का रसपान करने के लिए कथा के पांचवें दिवस राम कथा प्रेमियों का सैलाब उमड़ा रहा। सीता स्वयंवर की कथा सुनाते हुए महाराज ने कहा कि जब शिव धनुष स्वयंवर में उपस्थित राजा महाराजा और राजकुमारों से नहीं डिगा तो उस समय के राजाओं में सबसे शीतल स्वभाव के महाराज मिथिलेश रोश के साथ क्रोधित होकर राजाओं की सभा को तरह-तरह से आरोपित कर रहे थे। सभा में बैठे अयोध्यापति दशरथ के पुत्र लक्ष्मण ने गुरु विश्वामित्र का पैर छूकर महाराज मिथिलेश से स्वभाव बस शाब्दिक जंग छेड़ दिए। जिस पर विश्वामित्र ने लक्ष्मण को शांत कराकर स्थान पर बैठने को आदेश दिया और मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से शिव धनुष को प्रणाम कर हाथ लगाया कि शिव धनुष टूट गया और सीता स्वयंवर हुआ। इससे पहले शिष्य व्यास पीठ से कुलदीप महाराज ने बताया कि जब गुरु विश्वामित्र दोनों भाइयों को लेकर जनकपुर पहुंचे तो जनकपुर की शोभा देख आश्चर्य में पड़ गए कुछ दूर पर फुलवारी में फूल तोड़ते हुए राजकुमारी सीता का राम से पहली बार एक दूसरे का दीदार हुआ था इसके बाद भगवती सीता ने माता गौरी की पूजन कर राम को अपना वर मांगा था। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कार्यक्रम के आयोजक पं राम अकबाल मिश्र मिश्रा ब्रदर्स, लीना तिवारी पूर्व विधायिका मडियाहू श्याम शंकर मिश्रा पूर्व प्रधानाचार्य,लाल बहादुर तिवारी, विनय सिंह प्रमुख, दाऊजी, शिव कुमार, राम लवट यादव, देशराज तिवारी, कांतिलाल दुबे, रामदीन यादव, अंबिकेश तिवारी, प्रदीप कुमार, महेश कुमार मिश्रा, धर्मेंद्र पाण्डेय, ओमप्रकाश तिवारी, मेजर अवधेश मिश्रा, विनय पाण्डेय, आचार्य शैलेशानंद आदि उपस्थित रहे।

### पैमाइश का पत्थर उखाड़कर फेंकने पर पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**बेलखरनाथ धाम।** जमीन की पैमाइश के बाद गड़े पत्थर को कुछ लोगों ने उखाड़कर फेंक दिया।इस मामले में दिलीपपुर पुलिस ने पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के गंगाराम पांडेय का पुरवा दिलीपपुर निवासी विजयकांत पांडेय का कहना है कि कुछ वर्ष पूर्व राजस्व कर्मियों द्वारा कोठियाही स्थित उनकी जमीन की पैमाइश कर पत्थर नसव कराया गया था।कुछ दिन पूर्व गांव के ही कुछ लोगों ने कराए उसे उखाड़कर फेंक दिया। मना करने पर आरोपितों द्वारा गाली गलौज देने के साथ जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित की तहरीर पर दिलीपपुर पुलिस ने जय शुक्ल, मोहित,हरिशंकर पांडेय, वीरेंद्र प्रसाद निवासी गंगाराम पांडेय का पुरवा तथा कोठियाही निवासी रमण कुमार दूबे के खिलाफ केस दर्ज कर जांच कर जांच कर रही है।

# तप, त्याग व तपस्या से ही प्राप्त होता है सन्मार्ग : भगवताचार्य

**अखंड भारत संदेश**




श्रीमद् भागवत कथा कहते कुलगुरु राकेश शुक्ल

**प्रतापगढ़।** श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ को सुनाते हुए कुलगुरु राकेश शुक्ल ने कहा कि ध्रुव को अपने पिता द्वारा तिरस्कृत होने पर वह अपनी माता से अनुमति लेकर भगवत प्राप्ति के लिए तपस्या करने के लिए निकल पड़े। रास्ते में उनकी भेंट महर्षि नारद जी से हुई। उन्होंने ध्रुव को द्वादश मंत्र की शिक्षा प्रदान किया और वृंदावन में रहकर भगवान की साधना करने को कहा। बालक ध्रुव ने भूख प्यास को जीत कर छह माह तक घनघोर तपस्या की। उनकी इस तपस्या से पूरे जगत में प्राणवायु रुक गई। जगत में इसे हाहाकार मच गया। प्रसन्न होकर भगवान नारायण ध्रुव के सामने प्रकट हुए। भगवान ने बालक ध्रुव को प्रसन्न होकर आशीर्वाद दिया। उनके इस आशीर्वाद से जहां ध्रुव को अचल राज की प्राप्त हुई वहीं आज भी ध्रुव आकाश मंडल में तारा बनकर अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं। श्रीमद् भागवत कथा को मंसाराम पुरवा गांव निवासी कृपा शंकर मिश्र व उमाशंकर मिश्र के द्वारा श्रवण किया जा रहा है। इस कथा में ग्रामीण अंचल से सैकड़ो की संख्या में भक्त उपस्थित होकर भगवान के कथा का रसपान कर रहे है। इस मौके पर प्रमुख रूप से ओमप्रकाश दुबे, अनंत मिश्रा, माता फेर मिश्र, दिनेश तिवारी, राम सावरे तिवारी, मोहित मिश्रा, रविंद्र धर दुबे, रमेश पांडेय, जयप्रकाश दुबे समेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित है।

# आरआरसी सेन्टरों के निर्माण कार्य को माह मई तक पूर्ण कराने के निर्देश

## डीएम ने जनपद में पॉलीथीन के जगह अन्य थैलों का प्रयोग कराने के लिए महिला समूहों से बात करके उत्पादन कराने तथा खरीद करने के दियें निर्देश

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा उदयन सभागार में जिला स्वच्छता समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में चिन्हित स्थानो पर हो रहें आर0आर0सी0 सेन्टरों के निर्माण कार्य को माह मई तक अवश्यक पूर्ण करा लिया जाय। उन्होंने जनपद में पॉलीथीन का उपयोग बंन्द कराने के निर्देश सभी ई0ओ0 को देते हुए कहा कि आप द्वारा महिला समूहों से मिलकर उनसे बात करके पर्यावरण के अनुकूल (कपड़े एवं कागज) के थैले आदि के उत्पादन के सम्बन्ध में बात करें एवं उनसे खरीद करेंगे। इससे उनकी आर्थिक स्थिति भी और मजबूत होगी एवं राजस्व का भी इजाफा होगा। उन्होंने वनाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि गॉवों में वेटलैण्ड (आर्द्र भूमि) का चिन्हांकन करते हुए साफ पानी के स्टोरेज के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही चिन्हित स्थान पर वेटलैण्ड का बोर्ड भी लगवायें। उन्हांने अमृत सरोवरों एवं अन्य तालाबों के किनारों पर बृहद वृक्षारोपण का कार्य कराने के निर्देश वनाधिकारी को दियें। उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि तालाबों के आस-पास सहित जनपद में साफ-सफाई की व्यवस्था निरन्तर सुनिश्चित रहें। बैठक में गंगा समिति द्वारा 05 जून को होने वाले गंगा दशहरा कार्यक्रम में सांस्कृति कार्यक्रम कराये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी से निवेदन किया गया। जिस पर जिलाधिकारी ने लोक कलाकारों द्वारा कार्यक्रम कराये जाने की सहमति प्रदान की गई एवं कहा गया कि पर्यटन के दृष्टिगत कड़ाधाम में और जो भी विकास कार्य कराये जाने हों, उस सम्बन्ध में कोई विचार हो तो साझा करें, कार्यवाही की जायेंगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी रामसिंह यादव एवं सभी विकास खण्डों के खण्ड विकास अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### राजेश कुमार होंगे कौशांबी के नए एसपी

**कौशांबी।** जिले मे काफी समय से तैनात रहे एस पी बृजेश कुमार श्रीवास्तव का सोमवार देर रात इटावा जनपद स्थानांतरण कर दिया गया, वही जिले मे नये पुलिस अधीक्षक की तैनाती की गई हैशासन ने राजेश कुमार द्वितीय को कौशांबी का नया एसपी नियुक्त किया है। वह जल्द ही कार्यभार ग्रहण करेंगे।राजेश कुमार हाल ही में कौशांबी जिले के नए पुलिस अधीक्षक नियुक्त हुए हैं, उत्तर प्रदेश प्रांतीय पुलिस सेवा पीपीएस उन्होंने 1997 में डिप्टी एसपी के रूप में सेवा प्रारंभ की थी। लगभग तीन दशकों की सेवा के दौरान, उन्होंने कई जिलों में सीओ और एडिशनल एसपी के रूप में कार्य किया है। उनकी कार्यशैली को अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रभावी माना जाता है। उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए उन्हें कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिनमें "उत्कृष्ट सेवा पदक 15 अगस्त 2022 मे संमानित किये जा चुके हैं। राजेश कुमार एक ईमानदार और कर्मठ अधिकारी माने जाते हैं। इसके पहले वह विभिन्न जनपदों में अपनी सेवा दे चुके हैं और अपराध नियंत्रण में उनकी भूमिका को सराहा गया है।नए एसपी की नियुक्ति से जिलेवासियों को कानून व्यवस्था में और सुधार की उम्मीद है। उन्होंने पदभार संभालने से पहले हुई वार्ता मे कहा कि जिले में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता होगी।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के निर्माण में जमकर हो रही धांधली



**कौशांबी।** योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था पर शिक्षा विभाग के अधिकारी और उनके ठेकेदार पलीता लगाने में लगे हैं मंझनपुर तहसील के सरसवां विकासखंड अंतर्गत अजरौली गांव में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के भवन का निर्माण कराया जा रहा है लेकिन इस भवन के निर्माण में जमकर मानक की धांधली की हो रही है पिलर वा अन्य स्थान पर मानक के विपरीत कम मोटाई की सरिया छड़ का प्रयोग हो रहा है जिस भवन निर्माण में लगने वाले लोहे के वजन को बचाया जा सके और लाखों की चोरी की जा सके सीमेंट बालू के मिश्रण में भी जमकर खेल हो रहा है भवन के निर्माण में अनुभवी राजगीर को लगाने के बजाय राजगीरों का काम मजदूरों से लिया जा रहा है इससे भवन की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं कई बार ग्रामीणों ने मामले की शिकायत भी शिक्षा विभाग के अधिकारियों से किया लेकिन उसके बाद भी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के नवनिर्मित भवन के मानक में सुधार नहीं हो सका घटिया भवन का निर्माण तेजी से हो रहा है जिससे शिक्षा विभाग के अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो गए हैं इलाके के लोगों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए घटिया क्वालिटी से बनाए जा रहे भवन के निर्माण की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने और दोषी अधिकारियों ठेकेदारों पर मुकदमा दर्ज कराकर उनकी गिरफ्तारी कराए जाने के साथ-साथ मानक के अनुसार भवन का निर्माण कराए जाने की मांग की है।

# खुलेआम अधिकारी और ठेकेदारों की तानाशाही बिना अधिकार के जमीन पर सड़क निर्माण शुरू

**अझुवा कौशांबी।** लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और उनके ठेकेदारों की खुलेआम गुंडई देखने को मिल रही है जिन किसानों के खेतों को अधिग्रहण नहीं किया है अदालत में मुकदमा चल रहा है किसानों के खेतों को अधिग्रहण कर मुआवजा की रकम भी उन्हें विभाग द्वारा अभी तक नहीं दी गई है उनके खेतों में जबरिया सड़क का निर्माण विभागीय अधिकारियों के संरक्षण में ठेकेदारों ने शुरू कर दिया है विभागीय अधिकारी और ठेकेदारों की तानाशाही से किसान परिवार में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है आदर्श नगर पंचायत अझुवा में यातायात के दबाव और नागरिकों की मांग पर वार्ड नंबर 6 कृष्णा नगर मोहल्ले से राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने होते हुए एक बाईपास सड़क के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग ने 2 करोड़ 43 लाख का टेंडर कर लगभग 1800 मीटर का बाईपास सड़क का निर्माण 2023 में शुरू कराया जिसमें तमाम किसानों की भूमि रजिस्ट्री कराकर मुआवजा दिया था लेकिन कुछ किसान जैसे विजय सिंह यादव पुत्र स्व. रामस्वरूप ने मालियत और मुआवजे की राशि से असंतुष्ट होकर न तो रजिस्ट्री किया और मुआवजा लेने से इनकार करते हुए कोर्ट में मुकदमा पंजीकृत कर सड़क निर्माण में विघ्न उत्पन्न कर दिया संबंधित ठेकेदार ने लगभग 44 मीटर कार्य छोड़ते हुए कार्य सम्पन्न करा दिया ।असंतुष्ट किसानों



**ठेकेदार की दबंगई से आक्रोशित किसान परिवार ने रोकी जेसीबी,मौके पर पहुंची पुलिस ने विरोधियों को हटाया**

**3 फुट खेतों से मिट्टी निकालने के मानक के बावजूद 7 फुट मिट्टी खोद कर ठेकेदार खेतों को बना रहे मौत का कुआं**

और जिम्मेदारों की कई बार मीटिंग हुई लेकिन नतीजा सिफर रहा आज मंगलवार को ए ई दालचंद्र भास्कर, जेई आलोक कुमार ,विभागीय अमीन अरुण और थाना चौकी पुलिस मौके पर जेसीबी मशीन लेकर पहुंचे खेत को समतली कराकर खेतों के बगल से 6 से 7 फुट गड्ढा कर मिट्टी निकाल कर सड़क निर्माण कराना शुरू कर दिया किसान के परिवार की महिला और पुरुषों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा सरकार जबरिया हमारी पैतृक भूमि पर कब्जा करवाकर सड़क बना रही है ।निमार्णाधीन सड़क किनारे हमारे खेतों के साइड से 6 से 7 फुट गड्ढा कराकर मिट्टी निकाल कर सड़क बना रहे हैं जबकि सरकारी मानक 1 मीटर यानि 3 फुट है।वहीं मौके पर रहे विभागीय ठेकेदार ने बताया कि यह भूमि अधिग्रहण कर ली गई है इनको 26 अप्रैल को नोटिस दिया गया है ।खेतों के किनारे से जेसीबी द्वारा 6 से 7 फूट गड्ढा कर उसकी मिट्टी निकाल कर निमार्णाधीन सड़क पर डालने का किसान और उसके परिजनों ने विरोध किया और जेसीबी को बंद करवा दिया कुछ देर बाद ही पुलिस ने विरोध कर रहे लोगों को हटा दिया।किसान के परिजनों का कहना था हमारे अधिग्रहीत खेत के बगल से बड़ा गड्ढा कर मिट्टी निकाली जा रही हमारी उपजाऊ मिट्टी गड्ढे में चली जाएगी,खेत असमतल हो जाएगा जब मीटिंग में 3 फुट मिट्टी निकालने की बात की गई थी तो 6 से 7 फुट गड्ढा कर मिट्टी क्यों निकाली जा रही है ठेकेदार अन्यत्र कहीं से मिट्टी लाकर या खरीदकर क्यों नहीं सड़क निर्माण कर रहा यहां सरकारी ठेकेदार द्वारा गुंडई की जा रही है। जिस तरह से किसान की जमीन कब्जा किए जाने के मामले में किसान के साथ तानाशाही की जा रही है यह कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है।

# भरवारी की जनता की मांग बने रेलवे ओवरब्रिज

**भरवारी रेलवे की जमीन को कब्जा कर दुकान बनाने वाले ओवर ब्रिज के निर्माण का कर रहे हैं विरोध**



**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी में रेलवे लाइन के ऊपर ओवर ब्रिज बनाए जाने की मांग बीते तीन दशक से लगातार हो रही है इस मांग को देखते हुए रेलवे ने ओवर ब्रिज बनाए जाने का निर्णय ले लिया है सूत्र बताते हैं कि ओवर ब्रिज बनाने का टेंडर ठेका भी हो चुका है ठेकेदारों ने भरवारी में नापजोख भी शुरू कर दी है कितना जमीन उन्हें ओवरब्रिज निर्माण कराए जाने में लेना है इसका चिन्हीकरण भी हो चुका है लेकिन इसी बीच रेलवे के ऊपर ओवर ब्रिज बनाए जाने का विरोध शुरू हो गया और व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री रमेश अग्रहरि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर कहा कि ओवर ब्रिज का निर्माण रोक दिया जाए भरवारी रेलबे लाइन पर अंडर ग्राउंड पुल बनाया जाए भरवारी में अंडर ग्राउंड पुल के संबंध में जब भरवारी के सैकड़ो लोगों से बात की गई तो लोगों का कहना है कि अंडर ग्राउंड पुल सुरक्षित नही होता है अंडर ग्राउंड पुल के अंदर देर रात महिलाओं बालिकाओं का निकलना पूरी तरह से असुरक्षित होगा अंडरग्राउंड पुल में अराजकतत्वों का जमावड़ा लगेगा शादी विवाह के समय आधी रात को गेस्ट हाउस से कस्बे की महिलाओं बालिकाओं को वापस घर लौटना पड़ता है और राहजनी चोरी लूट बालिकाओं से छेड़खानी रेप जैसे घटनाओं को अंडर ग्राउंड पुल के सन्नाटे में अराजक तत्व अंजाम देंगे वही ओवर ब्रिज के मामले में नगर के लोगों का कहना है कि खुला होने के चलते वह सुरक्षित होगा और आपराधिक घटनाएं होने का खतरा नहीं होगा लोगों का कहना है कि निजी स्वार्थ के चलते ओवर ब्रिज के निर्माण पर बाधा डाला जा रहा है भरवारी के पुरानी बाजार में रेलवे की जमीनों पर कब्जा करके तमाम दुकान बनाई गई है और जिन लोगों ने रेलवे की जमीन में कब्जा करके दुकान बनाई है उन लोगों को रेलवे के ओवर ब्रिज के निर्माण में अधिक परेशानी दिखाई पड़ रही है क्योंकि रेलवे के ओवरब्रिज बनने के बाद अवैध कब्जा करने वाले लोगों की दुकान टूट जाएगी और उनको मुआवजा भी नहीं मिलेगा जिन लोगों की दुकान निजी जमीन भूमि पर बनाई गई है उन्हें रेलवे से बड़ा मुआवजा भी मिलेगा अवैध कब्जा करने वाले लोग रेलवे ओवर ब्रिज के तमाम नुकसान बताते हैं और अंडर ग्राउंड पुल के फायदे बता कर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। कस्बे के लोगों का कहना है कि अंडर ग्राउंड पुल बन जाने के बाद चौड़ाई और ऊँचाई कम होने से माल वाहक वाहन नहीं जा पाएंगे जिससे भरवारी का व्यापार चौपट होगा ब्यापारी परेशान होंगे स्कूल की बस अंडरग्राउंड पुल से नहीं जा पाएंगी जिससे स्कूल के बच्चों को घूम कर दूर से आना पड़ेगा और स्कूल के सैकड़ो बच्चे प्रतिदिन परेशान होंगे चौड़ाई और ऊंचाई कम होने के चलते अंडरग्राउंड पुल में डबल वाहन एक साथ पास नहीं हो सकेंगे जिससे अंडर ग्राउंड पुल में प्रतिदिन जाम की समस्याएं बनी रहेंगी अंडरग्राउंड पुल की इतने ही समस्याएं नहीं है इसके बाद भी तमाम विकराल समस्याएं हैं थोड़ी सी बारिश में सड़क का पानी अंडरग्राउंड पुल में भर जाने से बाइक सवार पैदल साइकिल सवार को अंडरग्राउंड पुल से निकलने में कठिनाइयों से जूझना पड़ेगा अंडर ग्राउंड पुल के नीचे कीचड़ युक्त पानी भरा रहेगा जिससे दुर्गन्ध भी लगातार उठती रहेगी जबकि ओवर ब्रिज के निर्माण में इन तमाम समस्याओं का सामना नगर के लोगों को नहीं करना पड़ेगा ओवर ब्रिज पुल का निर्माण करने की मांग करने वालों में जय सिंह चन्देल केएस झा पिंटू केशरवानी रेडीमेड राजू रस्तोगी संजय केसरवानी अजय केसरवानी जागेश्वर प्रसाद राकेश अरोड़ा रामप्रकाश मिश्रा एडवोकेट भगवती प्रसाद साहू कमलेश कुमार अर्चित केसरवानी नीरज बनारसी मुन्ना लाल केशरवानी सहित नगर के सैकड़ो लोगों ने भरवारी रेलबे फाटक पर ओवरब्रिज बनाए जाने की मांग की है।

### लापरवाही में खण्ड शिक्षा अधिकारी सरसवां हुए निलंबित

**कौशाम्बी।** सरसवां खण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह को निलंबित कर दिया गया है। विभागीय कार्यो में लापरवाही के चलते प्र०अपर शिक्षा निदेशक ब्रजेश मिश्र ने बीईओ सरसवां को निलंबित कर दिया है। साथ ही कार्यालय में सम्बद्ध कर दिया है।डीएम मधुसुदन हुलगी ने सरसवां खण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह के खिलाफ शासन को डीईओ लेटर भेज दिया था। आरोप है कि बीईओ यू-डायस, डीबीटी, अपार आईडी के कार्यो में रुचि नहीं ले रहे थे। साथ ही अफसरों के निर्देश को भी अनदेखा कर रहें थे। डीएम ने कई बार बीईओ को फटकार लगाई थी,इसके बावजूद भी कोई सुधार नहीं हो रहा था। इससे अजीज होकर डीएम ने बीईओ के खिलाफ बीएसए को सख्त कार्रवाई के लिए निर्देशित किया था।इसके बाद बीएसए ने बीईओ से स्पष्टीकरण मांगा था। आरोप है कि निर्धारित अवधि बीतने के बाद भी बीईओ ने स्पष्टीकरण अफसरों को नहीं दिया था। इसके बाद बीएसए ने लिखापढ़ी कर शासन को पत्र भेज दिया था। अपर निदेशक बेसिक शिक्षा ब्रजेश मिश्र ने मामले को संज्ञान लेकर बीईओ को निलंबित कर दिया है। साथ ही उनको मंडल कार्य में सम्बद्ध कर दिया है।

## चिल्ड्रन हास्पिटल से हायर सेन्टर रिफर किये गये बच्चे का इलाज स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में हुआ

**कौशाम्बी।** प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ0 हरिओम कुमार सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज, प्रयागराज के चिल्ड्रन हास्पिटल से हायर सेन्टर रिफर किये गये बच्चे का इलाज स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय कौशाम्बी में हुआ। बच्चा पूर्ण रूप से स्वस्थ्य होकर डिस्चार्ज हुआ। कहा जाता है कि चिकित्सक भगवान का रूप होते है। जिसका प्रमाण स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध संयुक्त जिला चिकित्सालय कौशाम्बी में देखने को मिला। दिनांक 16.04.2025 को सुशीला देवी पत्नी दयाराम निवासी गड़वा बारा कौशाम्बी ने एक बच्चे को निजी चिकित्सालय में जन्म दिया था, जन्म देते ही बच्चे बीमारी से ग्रसित था। जिसके परिणामस्वरूप मस्तिष्क में संक्रमण हो जाता है. प्रसव कालीन श्वासावरोध एक ऐसी स्थिति है, जहाँ बच्चे को जन्म से पहले, जन्म के दौरान या जन्म के तुरंत बाद पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिलती है. यह बच्चे के मस्तिष्क और अन्य अंगों को ऑक्सीजन की कमी से नुकसान पहुंचा सकता है। स्वासावरोध कई गम्भीर जटिलताओ को जन्म देता है जिससे अंग प्रणाली प्रभावित होती है मस्तिष्क विशेष रूप से कमजोर होता है जिससे मस्तिष्क का विकास नही हो पाता है। बच्चे को निजी चिकित्सालय से दिनांक 16 अप्रैल को मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज प्रयागराज के चिल्ड्रन हास्पिटल में भर्ती कराया गया था, लेकिन वहॉ पर बच्चे की हालत में कोई सुधार नही हुआ, जिस कारण उसे दिनांक 19 अप्रैल को हायर सेन्टर के लिए रिफर किया गया था, बच्चे के अभिभावक कुछ सोच नही पा रहे थे।अभिभावक बच्चे को लेकर स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध संयुक्त जिला चिकित्सालय कौशाम्बी के एसएन सीयू वार्ड मे भर्ती कराया गया। प्रधानाचार्य डा0 हरिओम कुमार सिंह के मार्गदर्शन में एस0एन0सी0यू0 में कार्यरत चिकित्सक डा0 नरेश रस्तोगी एवं उनके सहयोगी पैरामेडिकल स्टाफ श्री भूपेन्द्र सिंह, श्रीमती रीता सोनकर, श्रीमती बीनू भारती की देखरेख में बच्चे का इलाज शुरू किया गया, बच्चे को लगातार दौरे पड़ रहे थे, चिकित्सक एवं पैरामेडिकल टीम द्वारा अथक प्रयास के उपरान्त बच्चा स्वस्थ्य होकर स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध संयुक्त जिला चिकित्सालय कौशाम्बी के एसएन सीयू वार्ड से दिनांक 03 मई को डिस्चार्ज कर दिया गया।

# वन दरोगा करेगा लिपिक का काम तो कैसे होगी पेड़ों की सुरक्षा

अखंड भारत संदेश

**डिमोशन होने के बाद लोगों को शर्म आती है लेकिन इस वन दरोगा को लिपिक बनाए जाने के बाद गर्व महसूस हो रहा है**




कौशांबी जिले में हरे फलदार पेड़ की धड़ाधड़ कटान हो रही है चारों तरफ लकड़ी माफिया मजदूरों को लेकर हरे फलदार पेड़ के कटान में लगे हैं प्रतिदिन लकड़ी माफिया अपने साथ एक दर्जन मजदूर लेकर पेट्रोलिंग आरा मशीन से हरे पेड़ को काटने सुबह से पहुंच जाते हैं और पूरे दिन हरे पेड़ के कटान करके शाम को पिकअप से लकड़ी को लेकर के आरा मशीन पहुंचा देते हैं लेकिन हरे पेड़ों की कटान पर कौन रोक लगाएगी वन दरोगा तो लिपिक का काम करने लगा है वह पूरे दिन मजदूरों की मजदूरी में हेरा फेरी कर कंप्यूटर में छेड़खानी करने में लगा है अब जब वन दरोगा को अधिकारी लिपिक का काम सौप देंगे तो हरे पेड़ की देखरेख कौन करेगा मंझनपुर रेंज क्षेत्र के वन दरोगा प्रेमनाथ को एक वर्ष से आरसी के लिपिक के पद पर रेंज ऑफिस मंझनपुर में तैनात कर दिया गया है जो पूरे दिन कंप्यूटर में हेरा फेरी करने में माहिर रहते हैं मजदूर बकाया मजदूरी को चिल्लाते हैं तो तमाम मजदूर कहते हैं कि उनकी मजदूरी काम करने के बाद रजिस्टर में नहीं भरी गई है उन्हें मजदूरी नहीं दी जाती है पौधारोपण में भी बड़ा खेल हो रहा है तो फिर हरे पेड़ के कटान भी खुलेआम हो रहे हैं लेकिन वन दरोगा के पास तो केवल कंप्यूटर में काम करने के अलावा कोई समय नहीं बचा है आखिर किसके आदेश से वन दरोगा को लिपिक बना दिया गया है डिमोशन होने के बाद लोगों को शर्म आती है लेकिन इस वन दरोगा को लिपिक बनाए जाने के बाद गर्व महसूस हो रहा है आखिर डिमोशन होने के बाद गर्व होने के पीछे कारण क्या है तो विभागीय चर्चा पर जाए तो मजदूर की मजदूरी में बड़ी हेरा फेरी करके लाखों रुपया महीने की अतिरिक्त कमाई हो रही है जिससे वह डिमोशन के बाद भी प्रसन्न दिखाई पड़ रहा है हालांकि रेंजर मंझनपुर से उसके गहरे संबंध है दोनों अकेले में काफी देर तक गोपनीय बातें करते रहते हैं इसके पीछे क्या राज है यह बड़ी जांच का विषय है।

## न्यूज झरोखा

### जीवन का नहीं यह है मौत का तालाब

**तालाब के आसपास लगा गंदगी का अंबार तालाब पर ही कुछ लोगों ने कब्जा कर बनाया है मकान निर्माण**



**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी** सिराथू तहसील के ग्राम पंचायत बम्हरौली के मजरा भटपुरवा में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। गंदगी और कीचड़ का अंबार इस कदर है कि आए दिन कहीं बच्चे गिरते हैं तो राहगीर, कहीं गाय तो कही भैंस गंदगी में फंस जाने के कारण मौत हो जाती है , जिन्हें ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला जाता है।ग्रामीणों का कहना है कि इसकी शिकायत कई बार प्रधान व जिम्मेदार अधिकारियों से की गई लेकिन सफाई नहीं हो सकी। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत कौशांबी सांसद पुष्पेंद्र सरोज से किया तो एक दिन थोड़ा सफाई की गई लेकिन अभी भी पूरे तालाब में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। ग्रामीण गंदगी में रहने को मजबूर हैं। इस गंदगी के कारण होने वाली बीमारियों का शिकार भी ग्रामीण हो रहे है जिसके कारण उनके स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। इसी तालाब पर कुछ दबंगों द्वारा कब्जा कर मकान बना लिया गया जिससे तालाब का पानी वापस रोड पर आने लगा है। इसके कारण आने जाने वाले राहगीर व स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण परेशान है शिकायत के बावजूद इस पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। इस कारण धीरे धीरे ग्रामीणों के अंदर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। यदि समय रहते अधिकारी इस समस्या का निदान नहीं करते है तो ग्रामीणों का गुस्सा फुट सकता है। जिसके जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी होंगे।

### बिना ताला तोड़े पंचायत भवन से इनवर्टर बैटरी प्रिंटर टीवी आदि उठा ले गए चोर




**कौशाम्बी।** ग्राम पंचायत फैजुल्लापुर के भवन में ताला बंद रह गया और पंचायत भवन के अंदर से इनवर्टर बैटरी प्रिंटर टीवी आदि सामान चोर उठा ले गए हैं गजब की चोरी की कहानी बताई जा रही है ग्राम पंचायत अधिकारी का कहना है कि मास्टर चाबी लगा करके पंचायत भवन से चोरी की गई है और चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हो गई है अब सवाल उठता है कि ताला की डुप्लीकेट चाबी किसने बनवाई थी मनरेगा योजना सहित विभिन्न योजनाओं के पूरे रिकॉर्ड पंचायत भवन के अंदर मौजूद था जिससे योजनाओं के आंकड़ों में भी खेल होने की उम्मीद है लाखों रुपए का सामान पंचायत भवन से चोरी होने के बाद पंचायत भवन से ग्रामीणों को मिलने वाली सुविधाओं पर भी ग्रहण लग गया है अब ग्रामीणों को सरकारी कार्यों के लिए दूर बाजार जाना पड़ेगा गांव में उनके सरकारी कार्य नहीं हो पाएंगे जिससे ग्रामीणों के सामने भी समस्या खड़ी है मामले की सूचना पंचायत सहायक ने ग्राम पंचायत अधिकारी को दी है और ग्राम पंचायत अधिकारी ने सराय अकिल थाना के पुलिस चौकी कनेली में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है अब पुलिस सीसीटीवी कैमरे के आधार पर चोरी गए सामान को बरामद कर पाती है या फिर सब कुछ अभिलेख तक सीमित रहेगा

### बाजार से घर जा रहे बाइक सवारों को चार पहिया ने मारी टक्कर दो घायल



**कौशाम्बी** देवीगंज बाजार से वापस जा रहे बाइक सवार दो लोग जैसे ही कड़ा धाम थाना क्षेत्र के गढ़ी चिकारा के पास पहुंचे तेज रफ्तार कार सवार ने बाइक सवारो को टक्कर मार दी है जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए हैं हादसा देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी गई है मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है बताया जाता है कि शुभम पुत्र शिव मोहन अपने साथी धीरज पुत्र शिवनाथ निवासी गोविंदपुर ताज मल्लाहन थाना कड़ा धाम मंगलवार को देवीगंज बाजार आए थे जहां से वह बाइक से वापस घर जा रहे थे गढ़ी चिकारा के पास बाइक सवार की चार पहिया गाड़ी से टक्कर हो गई है जिससे दोनों घायल हो गए हैं।

### दावत खाकर घर जा रही महिला सड़क हादसे में घायल



**कौशांबी** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के निन्दूरा गांव निवासी गिरिजा देवी पत्नी कमलेश कुमार अपने परिवार के साथ बाइक से दावत खाने गई थी जहां से दावत खाकर मंगलवार को महिला अपने परिवार के साथ बाइक से वापस अपने घर जा रही थी जैसे ही बाइक सवार कड़ा धाम थाना क्षेत्र के अलीपुर जीता के पास पहुंचे सड़क हादसे का शिकार हो गए हैं इस दुर्घटना में गिरिजा देवी गंभीर रूप से घायल हो गई है हादसा देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी गई है मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल महिला गिरिजा देवी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ा अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उनका इलाज चल रहा है

### खंभे से टकराया बाइक सवार घायल



**कौशांबी** कानपुर के सरसौल के रहने वाले अभिमन्यु गुप्ता पुत्र प्रेम कुमार बाइक से अपने दोस्त के यहां मिलने सिराथू आए थे वहां से वह वापस बाइक से कानपुर जा रहे थे जैसे ही वह सिराथू पहुंचे बाइक समेत खंबा से टकरा गए हैं जिससे वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए हैं हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोग पहुंचे मामले की सूचना पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी गई मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को इलाज के लिए सीएससी सिराथू में भर्ती कराया है।

### ई रिक्शा को चार पहिया ने मारी टक्कर चालक घायल

**कौशांबी।** कुंडा प्रतापगढ़ के रहने वाले संजय कुमार पुत्र हीरालाल ई रिक्शा से सैनी आए थे और वह मंगलवार को सैनी से वापस अपने घर कुंडा जा रहे थे जैसे ही ई रिक्शा चालक कड़ा धाम थाना क्षेत्र के औरेनी के पास पहुंचे तेज रफ़्तार चार पहिया गाड़ी ने ई रिक्शा में टक्कर मार दिए जिससे ई रिक्शा चालक संजय कुमार घायल हो गए हैं हादसा देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस और 108 एम्बुलेंस को दी गयी मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल संजय कुमार को इलाज के लिए सीएचसी कड़ा में भर्ती कराया है।

### आत्महत्या को प्रेरित करने वाले वांछित अभियुक्त को कोखराज पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोखराज पुलिस उ0नि0 मनीष पाल ने हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0सं0 172/25 धारा 108 बीएनएस से संबन्धित वांछित अभियुक्त योगेश उर्फ अंकित सिंह पुत्र दिनेश उर्फ दिन्नू निवासी ग्राम किशुनपुर अम्बारी थाना सराय अकिल को टेढ़ीमोड शहजादपुर से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को पुलिस द्वारा न्यायालय भेजा गया।

## सम्पादकीय

# सिख दंगा: राहुल की स्वीकारोक्ति

**देश** का मौजूदा दौर नेतृत्व द्वारा अपने उत्तरदायित्वों से बचने और दूसरों पर दोष मढ़ने का है। 2014 से प्रारम्भ हुआ यह कालखंड ऐसे अनेक उदाहरणों से भरा हुआ है जिनमें नेतृत्व जिम्मेदारी से भागता नजर आता है। भारतीय जनता पार्टी की जिस सरकार का नेतृत्व प्रधानमंत्री के तौर पर नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं, उसमें चाहे खुद मोदी हों अथवा उनकी पार्टी या सरकार- हर तरह के उत्तरदायित्वों से पीछा छुड़ाती नजर आती है। नोटबन्दी से लेकर किसान कानून हों जिनके कारण अनेक मौतें हुई हों अथवा मणिपुर की त्रासदी, सुरक्षा में चूक के चलते पुलवामा की घटना हो या पिछले माह की पहलगाम की आतंकी घटनाएं- मोदी का किसी भी मामले में जिम्मेदारी लेना तो दूर, उनका कोई सादा सा बयान तक नहीं आता। जहां किसी प्रदेश के विधानसभा में पार्टी की चुनावी हार हो जाये तो स्टार प्रचारक होने के नाते ही सही- उन्हें अपनी भूमिका को ठीक से न निभाने के लिये न तो खेद प्रकट करते देखा गया और न ही हार का जिम्मेदार खुद को बताते पाया गया। निजी तौर पर उनकी गलत बयानी, सायास तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करने की चालाकी सामने आने के बाद भी वे न तो अपनी चूक को स्वीकारेंगे, न ही ऐसी गलती दोहराने से बचने का संकल्प जतायेंगे।

ऐसे दौर में राहुल गांधी 1984 के उन सिख दंगों की जिम्मेदारी सार्वजनिक रूप से लेते हैं, जब वे मात्र 14 साल के थे। उल्लेखनीय है कि अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में ऑपरेशन ब्लू स्टार से नाराज इंदिरा गांधी के सिख सुरक्षाकर्मियों ने जब इस फैसले के लिए उन्हें गोलियों से भून दिया था, तब देश भर में सिखों के खिलाफ दंगे भड़क उठे थे। खासकर, दिल्ली में बड़े पैमाने पर सिखों का कत्ल हुआ था जिसका घाव अब भी भारत के सीने पर है और सिख स्वाभाविकतः आज भी उस घटनाक्रम से नाराज हैं। इन दंगों में अनेक कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं की संलिप्तता पायी गयी। अनेक नेता दोषी भी पाये गये। जगदीश टाइटलर और सज्जन कुमार उनमें बड़े नाम थे जिन्हें अति सुस्त ही सही, पर एक निर्धारित न्यायिक प्रक्रिया के तहत दोषी भी साबित किया गया है। बड़ी तादाद में लोगों के खिलाफ मुकदमे चलाये गये हैं। पिछले माह जब राहुल अमेरिका के दौरे पर गये थे, तब उन्होंने ब्राउन विश्वविद्यालय के वाटसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स में भाषण दिया था। एक सिख छात्र ने उनके पहले के एक भाषण का हवाला देते हुए कहा कि 'आप सिखों में डर पैदा करना चाहते हैं।' याद हो कि राहुल ने विदेशी दौरे में ही एक भाषण में कहा था कि 'सिखों को कड़ा पहनने या केश धारण करने या गुरुद्वारे जाने से भी रोका जा सकता है।' दरअसल राहुल का मंतव्य देश में अल्पसंख्यकों की धार्मिक आजादी को भाजपा सरकार की ओर से खतरे से था। सिख युवक ने कहा कि, 'वे (सिख) न केवल कड़ा धारण करना चाहते हैं, न केवल केश रखना चाहते हैं वरन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी चाहते हैं।' इसी सिलसिले में उस युवक ने जब सिखों के खिलाफ भड़के दंगों का मुद्दा उठाया तो राहुल ने साफगोई से कहा कि 'वैसे वे उस दौरान नहीं थे।

# पाकिस्तान को एफएटीएफ ग्रे लिस्ट में वापस लाने की भारतीय रणनीति

— के रवींद्रन

**एफएटीएफग्रे** लिस्ट- जिसे औपचारिक रूप से बढ़ी हुई निगरानी के तहत क्षेत्राधिकार के रूप में जाना जाता है- में पहले 2018 से 2022 तक पाकिस्तान शामिल था, जिससे देश को मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकी वित्तपोषण चैनलों पर गहन जांच के अधीन किया गया था। उस चार साल की अवधि में इस्लामाबाद ने अंतरराष्ट्रीय दबाव के तहत वित्तीय सुधारों को लागू करने के लिए संघर्ष किया, और इसने विदेशी निवेश, ऋण और विकास सहायता तक पाकिस्तान की पहुंच को काफी हद तक बाधित किया।

भारत पाकिस्तान के खिलाफ अपने कूटनीतिक हमले को तेज कर रहा है,और अब वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में इस्लामाबाद को फिर से सूचीबद्ध कराने के लिए प्रयास कर रहा है। ट्रम्प के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रशासन से समर्थन की असामान्य रूप से मजबूत अभिव्यक्ति द्वारा समर्थित यह नया प्रयास, सीमा पार आतंकवाद में अपनी निरंतर मिलीभगत के लिए पाकिस्तान को जवाबदेह ठहराने के लिए नयी दिल्ली द्वारा एक रणनीतिक कदम में तेजी को दशार्ता है।

एफएटीएफग्रे लिस्ट- जिसे औपचारिक रूप से बढ़ी हुई निगरानी के तहत क्षेत्राधिकार के रूप में जाना जाता है- में पहले 2018 से 2022 तक पाकिस्तान शामिल था, जिससे देश को मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकी वित्तपोषण चैनलों पर गहन जांच के अधीन किया गया था। उस चार साल की अवधि में इस्लामाबाद ने अंतरराष्ट्रीय दबाव के तहत वित्तीय सुधारों को लागू करने के लिए संघर्ष किया, और इसने विदेशी निवेश, ऋण और विकास सहायता तक पाकिस्तान की पहुंच को काफी हद तक बाधित किया।

2022 में डीलिस्टिंग इस दक्षिण एशियाई राष्ट्र के लिए एक कूटनीतिक और आर्थिक सफलता थी, जिसने पाकिस्तान की पहले से ही लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था को जीवन रेखा प्रदान की और वैश्विक वित्तीय संस्थानों के साथ नये सिरे से जुड़ाव को सक्षम किया। भारत अब उस लाभ को उलटने के लिए दृढ़ संकल्पित है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को एफएटीएफ के निशाने पर वापस लाने का प्रयास तेज हो गया। हालांकि इस्लामाबाद ने किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार किया है, लेकिन भारतीय अधिकारियों ने एफएटीएफ के प्रमुख सदस्य देशों को नयी खुफिया जानकारी दी है, जिसमें वित्तीय बहाव का विवरण शामिल है जो कथित तौर पर हमले के अपराधियों को पाकिस्तान स्थित फंड प्रदाता संस्थानों से जोड़ता है।

भारतीय विदेश मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, डोजियर में सैटेलाइट इमेजरी, इंटरसेप्ट किये गये संचार और लेन-देन रिकॉर्ड शामिल हैं जो जम्मू और कश्मीर में चरमपंथी गतिविधियों से जुड़े धन के सीमा पार प्रवाह का संकेत देते हैं। उद्देश्य स्पष्ट हैः यह प्रदर्शित करना कि पाकिस्तान आतंकवाद वित्तपोषण के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में विफल रहा है, और इस प्रकार एफएटीएफ की बढ़ी हुई निगरानी व्यवस्था में पाकिस्तान की वापसी को उचित ठहराया जा सकता है।

नये भू-राजनीतिक गठबंधनों के कारण इस प्रयास में तेजी आने की संभावना है। दक्षिण एशिया पर हाल ही में अमेरिका की अस्पष्टता से उल्लेखनीय रूप से हटकर, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पहलगाम की घटना के बाद भारत के 'सभी रूपों में आतंकवाद के खिलाफ खुद का बचाव करने' के अधिकार का सार्वजनिक रूप से समर्थन किया है।

पेरिस में एफएटीएफ मुख्यालय में भारत की वर्तमान पैरवी कथित तौर पर फ्रांस, जर्मनी और संयुक्त राज्य अमेरिका के समन्वय में की जा रही है- वे देश जिन्होंने पहले पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद वित्तपोषण



सुधारों के आधे-अधूरे कार्यान्वयन पर निराशा व्यक्त की थी। कहा जाता है कि भारतीय राजनयिक यह मामला बना रहे हैं कि पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद वित्तपोषण गतिविधियों को सक्षम करने या अनदेखा करने की स्पष्ट पुनरावृत्ति न केवल एक क्षेत्रीय खतरा है, बल्कि एक वैश्विक खतरा भी है, विशेष रूप से अफगानिस्तान में तालिबान के पुनरुत्थान और व्यापक मध्य पूर्व में बढ़ती अस्थिरता पर चिंताओं के मद्देनजर। एफएटीएफ की अगली पूर्ण बैठक जून में होने वाली है और सूत्रों का कहना है कि भारत इस समयसीमा में ही काम कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पाकिस्तान की अनुपालन स्थिति के मुद्दे को एजेंडे में सबसे ऊपर रखा जाये।

यह रणनीति पाकिस्तान के लिए विशेष रूप से कमजोर समय पर आयी है, जिसकी अर्थव्यवस्था मुद्रास्फीति, मुद्रा अवमूल्यन और घटते विदेशी भंडार के बोझ तले दबी हुई है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ देश की मौजूदा व्यवस्था 2025 के मध्य में समाप्त हो रही है, और नये बचाव कोष के लिए बातचीत कठिन होने की उम्मीद है। एफएटीएफ की ग्रे सूची में पाकिस्तान को फिर से शामिल करने का कोई भी कदम इन वाताओं को गंभीर रूप से जटिल बना देगा, जिसके परिणामस्वरूप ऋ ण की शर्तें सख्त हो सकती हैं या वितरण में देरी हो सकती है। इसके अलावा, अपर्याप्त धन शोधन नियंत्रण वाले क्षेत्राधिकार के रूप में टैग किये जाने से प्रतिष्ठा को होने वाला नुकसान निजी निवेशकों को हतोत्साहित करेगा और ऐसे समय में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को और ठंडा कर देगा जब इस्लामाबाद पूंजी आकर्षित करने के लिए बेताब है। इसके निहितार्थ केवल वित्तीय ही नहीं हैं। इस तरह के कदम से देश में राजनीतिक अस्थिरता भी बढ़ सकती है, जो पहले से ही तीव्र घरेलू उथल-पुथल और चल रहे नागरिक-सैन्य तनावों से जूझ रहा है।

इस्लामाबाद जोर देकर कहता है कि उसने अपनी पिछली ग्रे लिस्टिंग के दौरान एफएटीएफ द्वारा अनिवार्य सभी 34 कार्रवाई मदों का पूरी तरह से पालन किया है और मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकी वित्तपोषण से निपटने के लिए एक मजबूत ढांचा बनाये रखना जारी रखा है।

पाकिस्तानी अधिकारियों ने भारत पर 'संकीर्ण भू-राजनीतिक एजंडे' को आगे बढ़ाने के लिए बहुपक्षीय प्लेटफार्मों का फायदा उठाने का भी आरोप लगाया है और चेतावनी दी है कि इस तरह की कार्रवाइयों से क्षेत्रीय तनाव बढ़ सकता है। फिर भी, कूटनीतिक वास्तविकता यह है कि पाकिस्तान की विश्वसनीयता पिछली कई तिमाहियों से अस्थिर बनी हुई है, खासकर पिछले उदाहरणों के बाद जब यह पाया गया कि यह प्रमुख सुधारों को लागू करने में अपने पैर खींच रहा है या अपनी धरती पर सक्रिय संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित आतंकवादियों पर मुकदमा चलाने में विफल रहा है।

जैसे-जैसे एफएटीएफ अपने मध्य-वर्ष सत्र की तैयारी कर रहा है, दांव बढ़ते जा रहे हैं। भले ही कुछ सदस्य देश एक तकनीकी निकाय के राजनीतिकरण से सावधान हों, लेकिन 2018 का उदाहरण–जब भारत ने आतंकवाद के वित्तपोषण पर चिंताओं के बीच पाकिस्तान को ग्रे लिस्टिंग में डालने के लिए सफलतापूर्वक पैरवी की थी–यह बताता है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति और कूटनीतिक समन्वय तकनीकी अस्पष्टता पर भारी पड़ सकते हैं। भारत की अर्थव्यवस्था में उछाल और वैश्विक प्रभाव बढ़ने के साथ, यह आज खुद को बहुपक्षीय मंचों को प्रभावित करने के लिए सात साल पहले की तुलना में अधिक मजबूत स्थिति में पाता है। इसके अलावा, इजरायल-गाजा युद्ध, यूक्रेन संघर्ष और अफ्रीका और एशिया में फिर से उभर रही जिहादी गतिविधि से आकार लेने वाले वैश्विक सुरक्षा वातावरण ने आतंकवाद को फिर से अंतरराष्ट्रीय चिंता के केंद्र में ला दिया है, जिससे भारत के तर्कों के लिए ग्रहणशीलता का माहौल बन रहा है। पाकिस्तान की वित्तीय विश्वसनीयता को निशाना बनाकर, भारत केवल एक आतंकी हमले का जवाब नहीं दे रहा है–यह दक्षिण एशिया में रणनीतिक संतुलन को नया आकार देने की कोशिश कर रहा है।

साथ ही, भारत की कार्रवाइयां अन्य शत्रुओं और क्षेत्रीय खिलाड़ियों को यह संकेत देती हैं कि वह अपनी सीमाओं के पार से होने वाले आतंकवादी कृत्यों के लिए बहुआयामी प्रतिक्रिया देगा - जिसमें आर्थिक और कूटनीतिक साधन भी शामिल होंगे।


# जाति गणना पर संघ भाजपा की पल्टी

राजेन्द्र शर्मा

**यह** संयोग ही नहीं है कि इस दौरान एक बार फिर से वाइरल हो गयी, चुनाव के दौर के ही एक मीडिया साक्षात्कार की क्लिप में प्रधानमंत्री मोदी, जाति गणना की खासतौर पर कांग्रेस की मांग को ''नक्सलवादी सोच'' का हिस्सा बताकर खारिज करते नजर आते हैं। 2024 के चुनाव प्रचार के दौरान ही पहले मुख्यमंत्री, आदित्यनाथ द्वारा दिया गया ''बंटेंगे तो कटेंगे'' का नारा और खुद प्रधानमंत्री द्वारा उसमें मामूली ''सुधार'' कर, इस नारे को ''एक हैं तो सेफ हैं'' में तब्दील किया जाना, जातिगणना की मांग को न सिर्फ ''विभाजनकारी'' करार देकर खारिज करता था बल्कि उसे विशेष रूप से हिंदुओं को बांटने का षडयंत्र बताकर, इस पूरे प्रश्न का सांप्रदायीकरण करने की भी कोशिश करता था। आखिरकार, नरेंद्र मोदी की सरकार ने जाति जनगणना कराने का एलान कर दिया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल के ताजातरीन फैसले के अनुसार, आने वाली आम जनगणना के साथ जाति गणना भी करायी जाएगी। लेकिन, यह आम जनगणना कब करायी जाएगी, यह अभी स्पष्टद्द नहीं है। जनगणना सामान्य रूप से 2020-21 में होनी थी, लेकिन कोविड के नाम पर एक बार उसके टाले जाने का सिलसिला शुरू हुआ, तो अब तक उसका टाला जाना बदस्तूर जारी ही है और 2025 तक तो उसने थमने का नाम नहीं लिया है।

बहरहाल, केंद्र सरकार के जाति जनगणना संबंधी निर्णय की घोषणा के कुछ ही बाद में, दक्षिण भारत से एक केंद्रीय राज्य मंत्री द्वारा मीडिया को दी गयी जानकारी के अनुसार, 2026 में जनगणना करायी जा सकती है।

याद रहे संसदीय व विधानसभाई सीटों के परिसीमन पर लगी 25 साल की रोक की मियाद भी 2026 में ही खत्म हो रही है और इस प्रकार, पहले जनगणना होगी और उसके बाद परिसीमन का काम आगे बढ़ाया जाएगा, जैसाकि परिसीमन पर रोक से संबंधित कानून का प्रावधान भी है। सभी जानते हैं कि दक्षिण भारत के राज्यों के लोकसभा में प्रतिनिधित्व के आनुपातिक रूप से घटने की आशंकाओं के मद्देनजर, लोकसभाई सीटों का परिसीमन पहले ही गंभीर रूप से विवादित हो चुका है, लेकिन हम यहां इस विवाद के विस्तार में नहीं जाएंगे। पर यहां हम यह जरूर ध्यान दिलाना चाहेंगे कि महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटों के आरक्षण के कानून का पालन, आने वाले परिसीमन के साथ जुड़ा हुआ है, जो जनगणना के बाद होना है। यानी अगली जनगणना के साथ परिसीमन तथा महिला आरक्षण जुड़े होने के कारण, इस जनगणना का पहले ही विशेष महत्व था। बहरहाल, आजादी के बाद पहली जातिगत गणना के नाते, इस जनगणना का महत्व और भी ज्यादा हो जाएगा। हैरानी की बात नहीं है कि अचानक नरेंद्र मोदी सरकार के जातिगत गणना कराने के फैसले से अनेक सवाल उठ खड़े हुए हैं। बेशक, कैबिनेट के उक्त निर्णय



की घोषणा करते हुए, अश्विनी वैष्णव ने इस फैसले का भी आम तौर पर विपक्ष तथा खासतौर पर मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर हमले के हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने की कोशिश की। इस मुद्दे पर सत्ताधारी संघ-भाजपा के हमले का मुख्य स्वर तय करते हुए, वैष्णव ने दावा किया कि कांग्रेस शुरू से जातिगणना के खिलाफ रही है, कि जवाहरलाल नेहरू आरक्षण के खिलाफ थे, आदि, आदि। मकसद यह छवि बनाने का था कि संघ-भाजपा तो हमेशा से जातिगणना के पक्ष में थे। लेकिन, इस तरह की झूठी छवि निर्मित करने की कोशिशें तथा इसके लिए किए जाने वाले झूठे-सच्चे दावे अपनी जगह, यह सचाई किसी से छुपी हुई नहीं है कि पिछले आम चुनाव के समय तक, संघ-भाजपा की ओर से जातिगणना का बाकायदा विरोध किया जा रहा था।

यह संयोग ही नहीं है कि इस दौरान एक बार फिर से वाइरल हो गयी, चुनाव के दौर के ही एक मीडिया साक्षात्कार की क्लिप में प्रधानमंत्री मोदी, जाति गणना की खासतौर पर कांग्रेस की मांग को ''नक्सलवादी सोच'' का हिस्सा बताकर खारिज करते नजर आते हैं। 2024 के चुनाव प्रचार के दौरान ही पहले मुख्यमंत्री, आदित्यनाथ द्वारा दिया गया ''बंटेंगे तो कटेंगे'' का नारा और खुद प्रधानमंत्री द्वारा उसमें मामूली ''सुधार'' कर, इस नारे को ''एक हैं तो सेफ हैं'' में तब्दील किया जाना, जातिगणना की मांग को न सिर्फ ''विभाजनकारी'' करार देकर खारिज करता था बल्कि उसे विशेष रूप से हिंदुओं को बांटने का षडयंत्र बताकर, इस पूरे प्रश्न का सांप्रदायीकरण करने की भी कोशिश करता था। स्वाभाविक रूप से यह सवाल पूछा जा रहा है कि जाति गणना के मुद्दे पर संघ-भाजपा की इस पल्टी या हृदय परिवर्तन की वजह क्या है? इस प्रश्न का एक तात्कालिक जवाब तो, इस फैसले की टाइमिंग को लेकर ही दिया जा रहा है। बहुतों को लगता है कि यह संयोग ही नहीं है कि यह फैसला, आम तौर पर पहलगाम के आतंकवादी हमले की पृष्ठद्दभूमि में और खासतौर पर तब आया है, जब आतंकवादियों को ''मिट्टद्दी में मिला देने'' के बड़े बोलों के बावजूद, मोदी सरकार पाकिस्तान के खिलाफ कुछ कूटनीतिक आक्रामकता दिखाने वाले कदमों के खिलाफ, कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पायी थी। दूसरी ओर, एक हफ्ते से ज्यादा हो जाने के बावजूद, पहलगाम की विभीषिका रचने वालों की निशानदेही करने तथा उन्हें सजा देने के मामले में भी उसे कोई कामयाबी नहीं मिली थी। उल्टे हताशा में कश्मीर में रक्षाबलों द्वारा उठाए गए दमनकारी कदमों ने, खासतौर पर कथित संदिग्ध आतंकवादियों के घर के बमों से उड़ाए जाने तथा नौजवानों की अंधाधुंध गिरफ्तारियों ने तथा रहस्यमय मौतों ने, पहलगाम में आतंकवादियों की दरिंदगी के खिलाफ कश्मीरी जनता के स्वतःस्फूर्त विरोध को धक्का देने का ही काम किया था। न सिर्फ उमर अब्दुल्ला की चुनी हुई राज्य सरकार के आग्रह पर, जिसे केंद्र शासित क्षेत्र होने के नाते, राज्य पुलिस तक सुरक्षा के समूचे तंत्र के मामले में रत्तीभर दखल हासिल नहीं है, कथित आतंकवादियों के घर बम से उड़ाना रोकना पड़ा है बल्कि बहुत बड़े पैमाने पर न सही, फिर भी आम कश्मीरियों को घाटी में सुरक्षा बलों की ज्यादतियों के खिलाफ, सड़कों पर भी उतरना पड़ा था।

इस समूची पृष्ठद्दभूमि में अचानक आया जाति गणना का फैसला, मुश्किल सवालों और आलोचनात्मक स्वरों से, मोदी सरकार का और सबसे बढ़कर मोदी की छवि का बचाव करने की कोशिश नजर आता है। एक पूरी तरह से भिन्न मुद्दे को उछाल देने के जरिए ध्यान बंटाने की यह कोशिश इसलिए और भी जरूरी हो गयी है कि संघ-भाजपा के सारे प्रचार के बावजूद, सारी रोकथाम के बावजूद निकल कर आ रहे तथ्यों से यह आम धारणा ज्यादा से ज्यादा पुख्ता होती जा रही है कि पहलगाम की 26 मौतों के पीछे, एक बड़ी सुरक्षा चूक थी। ताजातरीन खबरों के अनुसार, पहलगाम की घटना से पहले सुरक्षा तंत्र के पास इसकी खुफिया जानकारी पहुंच चुकी थी कि इस बार आतंकवादी, पर्यटकों को निशाना बना सकते थे। इसी खुफिया जानकारी के आधार पर, श्रीनगर के आस-पास के इलाकों में पर्यटकों के होटलों को केंद्र बनाकर, आतंकवादी तत्वों की खोज, छानबीन के लिए छापेमारी वगैरह भी की गयी थी। लेकिन, इस कार्रवाई में कुछ हासिल नहीं हुआ। और जिस रोज, करीब पंद्रह दिन की यह छापामारी खत्म की गयी, उसी रोज पहलगाम में आतंकवादियों ने हमला कर दिया। उससे पहले बैसरन घाटी से किसी भी प्रकार की सुरक्षा बलों की उपस्थिति हटायी जा चुकी थी। इस गंभीर विफलता ने, मोदी सरकार के आतंकवाद की कमर तोड़ देने, आतंकवाद के अंतिम सांसें ले रहे होने आदि के दावों की जिस तरह धज्जियां उड़ा दी हैं, किसी नाटकीय सैन्य कार्रवाई के अभाव में उसकी चोट को, कोई अन्य नाटकीय कदम ही सहनीय बना सकता था। जाति गणना की घोषणा बखूबी यह भूमिका निभा सकती है। पहलगाम की विभीषिका की पृष्ठद्दभूमि से जरा सा पीछे जाकर देखें तो, जाति गणना की घोषणा वक्फ संशोधन कानून की पृष्ठद्दभूमि में दिखाई देती है। यह तो किसी से छुपा हुआ नहीं है कि वक्फ कानून के पीछे मोदी सरकार और सत्ताधारी संघ-भाजपा के किस तरह के मुस्लिम-विरोधी मंतव्य रहे हैं। वास्तव में उनके निशाने पर तमाम अल्पसंख्यक हैं और यह तब साफ हो गया जब वक्फ कानून बनने के फौरन बाद, आरएसएस के मुखपत्र आर्गनाइजर के वैब संस्करण में एक लेख प्रकाशित किया गया कि 'वक्फ से भी ज्यादा संपत्तियां ईसाई चर्चों के पास हैं।' बेशक, ज्यादा शोर मचने पर इस लेख को हटा लिया गया, लेकिन संघ-भाजपा की मंशा साफ हो गयी कि उनके राज की मंशा, अल्पसंख्यकों के हाथों से उनकी संपत्तियों को छीनने की है। इसी सब की पृष्ठद्दभूमि में नये वक्फ कानून का जनता के स्तर पर और राजनीतिक स्तर पर भी व्यापक पैमाने पर विरोध हो रहा था। इस विरोध को दबाने के लिए संघ-भाजपा ने मुद्दे के सांप्रदायीकरण के हथियार का सहारा लेने की कोशिश की, लेकिन उन्हें ज्यादा सफलता नहीं मिली। मुस्लिम समुदाय के विरोध प्रदर्शन भी आम तौर पर कानून के दायरे में ही बने रहे। इसी बीच, नये वक्फ कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट की आरंभिक प्रतिक्रिया ने और खासतौर पर अदालत के विशेष रूप से समस्यापूर्ण तथा मनमाने संशोधनों पर व्यवहार में रोक लगाए जाने ने, इस अन्यायपूर्ण कानून के विरोध को एक नया बल प्रदान कर दिया। संघ-भाजपा सरकार की इस विफलता की ओर से ध्यान बंटाने के लिए भी, जाति गणना का दांव चला गया है। लेकिन, इस सबसे भी ज्यादा महत्वपूर्ण है, जाति गणना के तर्क की अपनी ताकत। 2024 के आम चुनाव में, जब इंडिया गठबंधन के रूप में विपक्ष द्वारा जोर-शोर से जाति गणना की मांग उठायी जा रही थी।

# भदोही में युवाओं ने पाकिस्तान और आतंकवाद का फुका पुतला

## देश के अंदर बैठे गद्दारों का भी ईलाज बहुत जरूरी



**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। औराई** क्षेत्र के घोसियां में पुलिस चौकी के पास हिन्दू युवा संगठन के तरफ से बीते 22 अप्रैल को पहलगाम हुए आतंकवादी हमला के विरोध में सैकड़ो की संख्या में पहुंचे युवाओं ने आक्रोश रैली निकालकर पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला दहन करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान युवाओं ने पाकिस्तान मुदार्बाद के नारा लगाया और आतंकी हमला में मारे गए लोगों को श्रद्धांजली भी अर्पित की। हिन्दू युवा संगठन के अध्यक्ष नीतीश कुमार चौबे ने कहा कि पाकिस्तान और आतंकवादियों के साथ साथ देश के अंदर बैठे गद्दारों का भी समुचित ढंग से ईलाज करना चाहिए। नीतीश ने कहा कि देश में आतंकी हमला होने के बाद भी आतंकियों का समर्थन करने वाले देश के अंदर बैठे गद्दार आतंक के खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं जुटा रहे है। सरकार को चाहिए कि देश के अंदर बैठे गद्दारों को भी चिन्हित करके उनके खिलाफ भी कार्यवाही होनी चाहिए। कहा कि देश की रक्षा में सीमा पर तैनात वीर जवान पूरी तरह सतर्क है लेकिन देश के अंदर बैठे गद्दारों की वजह से आतंकी अपनी वारदात को अंजाम देते है। इस मौके पर नीतीश चौबे, गणेश दुबे, रिंकू बिंद, मिथकेश गुप्ता और यश ठाकुर समेत भारी संख्या में युवा शामिल रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत का किया निरीक्षण



**अखंड भारत संदेश**

**भदोही । मुख्य** विकास अधिकारी द्वारा विकासखंड भदोही के ग्राम पंचायत बहुतरा खुर्द में अमृत सरोवर का निरीक्षण किया गया क निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी भदोही अपने अधीनस्थों के साथ मौके पर उपस्थित रहे क निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अमृत सरोवर पर पाथवे एवं पुलिया का कार्य कराया जा रहा है क पाथवे का ढाल ठीक नहीं पाया गया पुलिया निर्माण का कार्य स्लो है।

मौके पर उपस्थित खंड विकास अधिकारी भदोही को निर्देशित किया गया कि वह निमार्णाधीन कार्यों को तकनीकी रूप से प्राक्कलन के अनुसार अतिशीघ्र पूर्ण कराएं क अमृतसरोवर में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं तथा इस स्थल पर बृहद वृक्षारोपण का कार्य कराया जाना सुनिश्चित कराएं।

# कायाकल्प को लेकर डीएम सख्त, शिक्षकों-अधिकारियों को दिए निर्देश

- फर्नीचर व भोजन पर फोकस
- शिक्षा में लापरवाही नहीं चलेगी

अखंड भारत संदेश



बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी

**चित्रकूट।** कलेक्ट्रेट में डीएम शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति, निपुण भारत मिशन एवं विद्यांजलि योजना की एक बैठक हुई। बैठक में डीएम ने जनपद के समस्त विद्यालयों को ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत 19 निर्धारित पैरामीटरों से संतृप्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने फर्नीचर विहीन विद्यालयों में प्राथमिकता के आधार पर फर्नीचर उपलब्ध कराने और प्रेरणा पोर्टल के माध्यम से शत-प्रतिशत निरीक्षण करने के लिए जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

डीएम ने डायट मेंटरों व एसआरजी सदस्यों को राज्य परियोजना कार्यालय से निर्धारित सपोर्टिव सुपरविजन लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण निरीक्षण करने को कहा। साथ ही, जिला परियोजना कार्यालय एवं ब्लॉक संसाधन केंद्रों में रिक्त पदों की पूर्ति नियमानुसार शीघ्र करने के निर्देश भी दिए। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मऊ में अब तक असंतृप्त रहे पैरामीटरों को जल्द पूरा करने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा को दिए गए। आगे कहा कि कस्तूरबा विद्यालयों को गठित निरीक्षण समितियाँ सघन और नियमित निरीक्षण करें ताकि विद्यालयों में गुणवत्तापरक सुधार हो सके। चयनित पीएम-श्री स्कूलों में संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल देते हुए कहा कि मध्यान्ह भोजन योजना में प्रत्येक बच्चे को नियमानुसार एवं समय पर भोजन मिले, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्देश दिए कि रसोइयों, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों का मानदेय समय पर निर्गत किया जाए।

बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एमके जतारया, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

## खिल उठे आंगनबाड़ी, सजीं गोशालाएं- डीएम का नया एक्शन प्लान

- पोषण से पशुपोषण तक
- बच्चों व माताओं पर रहा फोकस
- गौशालाएं प्रशासन की करुणा की परीक्षा

अखंड भारत संदेश


पोषण व पशुपोषण की बैठक लेते डीएम

**चित्रकूट।** जिले में पोषण व पशुपोषण-दोनों मोर्चों पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में आयोजित दो महत्वपूर्ण बैठकों में एक ओर जहां बच्चों, किशोरी बालिकाओं और गर्भवती महिलाओं के पोषण व स्वास्थ्य को लेकर व्यापक निर्देश जारी किए गए, वहीं दूसरी ओर गोवंशों के संरक्षण एवं गौशालाओं की व्यवस्था को लेकर भी ठोस रणनीति बनाई गई।

कलेक्ट्रेट में हुई जिला पोषण समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों की निर्माण प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि एक भी निर्माण कार्य लंबित न रहे, सभी केन्द्र आपसी समन्वय से एक माह में पूर्ण होकर हैंडओवर हों। पोषण पखवाड़ा में गर्भवती महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों को जनजागरूकता का सशक्त माध्यम बताते हुए जिलाधिकारी ने ऐसे शिविरों को नियमित रूप से करने का निर्देश दिया। जिन आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सैम-मैम (गंभीर व मध्यम कुपोषित) बच्चों की संख्या शून्य है, वहां विशेष निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में गोवंश संरक्षण को लेकर हुई बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि गौशालाएं सिर्फ संरक्षित स्थान नहीं, बल्कि प्रशासन की करुणा की परीक्षा हैं। उन्होंने पैरावेट की नियुक्ति, टीकाकरण, प्राथमिक चिकित्सा, बधियाकरण और चारा व्यवस्था जैसे बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं युद्धस्तर पर की जाएं। गोबर/खाद की बिक्री से मिलने वाली राशि को गौशालाओं के रखरखाव में लगाने का आदेश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सोलर लाइट की उपलब्धता का डाटा तैयार किया जाए और रात्रि में पर्याप्त रोशनी करें। भूसा, साइलेज और पशु आहार की आपूर्ति के लिए शीघ्र टेंडर की कार्रवाई हो।

बैठकों में डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओपी मिश्रा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ एसके पांडेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, समेत अन्य मौजूद रहे।

## विद्याधाम के छात्रों ने रचा इतिहास अजीत सिंह ने जिले में किया टॉप

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिले के शिक्षण संस्थान विद्याधाम उच्च माध्यमिक विद्यालय जानकीकुंड ने इस वर्ष एक बार फिर अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक स्तर का परिचय देते हुए मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल की वार्षिक परीक्षा में शानदार परिणाम प्राप्त किए हैं। यह विद्यालय परम पूज्य संत रणछोड़दास जी महाराज के आशीर्वाद एवं सदगुरु शिक्षा समिति के तत्वावधान में संचालित होता है।

विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 90.15 प्रतिशत रहा, जो क्षेत्र में एक मिसाल के रूप में देखा जा रहा है। इस वर्ष की सबसे गौरवपूर्ण उपलब्धि रही छात्र अजीत सिंह पुत्र राजेश सिंह की जिन्होंने 97.40 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान ही नहीं, बल्कि सतना जिले में टॉप कर क्षेत्र और विद्यालय दोनों का नाम रोशन किया। अन्य मेधावी छात्रों में अनमोल अनुरागी (97 प्रतिशत ), पुष्कर यादव (95 प्रतिशत), तेजस्व गुप्ता (94.40 प्रतिशत), संजय विश्वकर्मा व अमृता पांडेय (93.60 प्रतिशत) शामिल रहे। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में मुस्कान पुत्री राजेश कुमार ने 88.40 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं सृष्टि मिश्रा (85.4 प्रतिशत), आस्था शुक्ला (83.40 प्रतिशत), शालिनी (81.60 प्रतिशत) और मयंक तिवारी (80.40 प्रतिशत) ने क्रमशः द्वितीय से पंचम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर ट्रस्टी डॉ बीके जैन ने सभी विद्यार्थियों को उनके अथक परिश्रम के लिए बधाई दी और शिक्षकों व अभिभावकों के योगदान की सराहना की। श्रीमती उषा जैन ने कहा कि यह परिणाम इस बात का प्रमाण है कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों की तरह प्रतिस्पर्धी और सक्षम हैं।

## न्याय की रथयात्रा : कोर्ट नहीं, समाधान चाहिए? लोक अदालत है तैयार

- फीस माफ, फैसला साफ
- लोक अदालत की लहर

अखंड भारत संदेश


लोक अदालत की रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते जिला जज

**चित्रकूट।** न्याय को आम जनता के द्वार तक पहुंचाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्रकूट ने राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार को एक जागरूकता रैली की। यह रैली राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष राकेश कुमार त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना कर किया। उनके साथ दिलीप सिंह यादव (अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत), श्रीकृष्ण यादव (पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण), राकेश कुमार यादव (प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय) एवं राममणि पाठक (विशेष न्यायाधीश एससीध्एसटी व नोडल अधिकारी लोक अदालत) उपस्थित रहे।

कर्वी नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई यह रैली न सिर्फ एक आयोजन का प्रचार थी, बल्कि सुलभ न्याय - सबके लिए की विचारधारा का जीवंत उदाहरण भी बनी। रैली में भगवानदीन सिंह पटेल विधि महाविद्यालय, रगौली के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण और छात्र-छात्राओं ने जोश और ऊर्जा के साथ भागीदारी की, जिससे यह न्याय यात्रा एक सामाजिक आंदोलन का स्वरूप लेती दिखाई दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती वर्णिका शुक्ला ने बताया कि आगामी 10 मई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के वादों का त्वरित एवं समझौते के माध्यम से निस्तारण किया जाएगा। लोक अदालत की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें निस्तारित मामलों की कोर्ट फीस वापस हो जाती है, लंबी मुकदमेबाजी से मुक्ति मिलती है और समय एवं पैसे की भारी बचत होती है। रैली में न्यायिक अधिकारियों के अलावा श्रीमती रेनू मिश्रा (विशेष न्यायाधीश, पाक्सो एक्ट), नीरज श्रीवास्तव (अपर जिला जज), श्रीमती नीलू मैनवाल (अपर सत्र न्यायाधीश), राजेन्द्र प्रसाद भारती (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट), सचिन कुमार दीक्षित (सिविल जज), सुश्री अंजलिका प्रियदर्शिनी (न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम) समेत अन्य मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### ड्यूटी पर तैनात सिपाही की रील हुई वायरल, यातायात विभाग ने लिया संज्ञान

**चित्रकूट।** जिले में एक सिपाही द्वारा ड्यूटी के दौरान बनाई गई रील सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। यह मामला अब यातायात विभाग के लिए चिंता का विषय बन चुका है। ज्ञात है कि यातायात पुलिस में तैनात एक सिपाही को रील बनाने का शौक है और वह अक्सर अपनी ड्यूटी में बनाकर सोशल मीडिया साइट्स पर अपलोड करते थे। सिपाही की एक हालिया रील वायरल होते ही यातायात विभाग ने मामले का संज्ञान लिया और इसकी जांच शुरू कर दी है। सिपाही ने जैसे ही अपनी रील के वायरल होने की जानकारी प्राप्त की, उसने तुरंत अपने कई वीडियो सोशल मीडिया से डिलीट कर दिए। हालांकि, विभाग अब इस मामले की गहराई से जांच कर रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ड्यूटी के दौरान कोई भी अनुशासनहीनता नहीं हो रही है।

### सुरेन्द्रपाल ग्रामोदय विद्यालय के छात्रों का शानदार प्रदर्शन, चित्रकूट को किया गौरवान्वित

**चित्रकूट।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा घोषित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित सुरेन्द्रपाल ग्रामोदय विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हायर सेकेंडरी परीक्षा में 155 में से 113 छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। कृषि संकाय के सुधीर कुमार ने 94.6, वाणिज्य संकाय की हिमांशी सिंह ने 92.6, कला संकाय की मेधा तिवारी ने 92 और विज्ञान संकाय के प्रतीक गुप्ता ने 91 प्रतिशत अंक अर्जित किए। हाई स्कूल में श्रद्धा प्रजापति ने 96.6, अनंत सिंह ने 94.6 और दीक्षा सिंह ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। जबकि प्रदेश स्तर पर कक्षा 10वीं और 12वीं का औसत परिणाम क्रमशः 76.5 व 74.5 प्रतिशत रहा। प्राचार्य मदन तिवारी ने इसे शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया। संगठन सचिव अभय महाजन ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि नानाजी देशमुख की परिकल्पना साकार हो रही है। विद्यालय का यह प्रदर्शन शिक्षा में ग्रामीण नेतृत्व की सशक्त मिसाल बनता जा रहा है।

### चित्रकूट विश्वविद्यालय में जलरंग कार्यशाला- कला व रंगों का अनूठा संगम



जलरंग कार्यशाला का अवलोकर करते वीसी

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट विभाग के तत्वाधान में मंगलवार को तरंग-फ्लो ऑफ कलर्स नामक एक दिवसीय जलरंग कार्यशाला का आयोजन हुआ। यह कार्यशाला कला के प्रति विद्यार्थियों के उत्साह और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। कार्यशाला का उद्घाटन कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने किया, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. नंदलाल मिश्रा (डीन कला संकाय) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. प्रसन्न पाटकर ने की। कार्यशाला का निर्देशन सुप्रसिद्ध जलरंग कलाकार साक्षी चौधरी ने किया, जिन्होंने विद्यार्थियों को जलरंग तकनीक में दक्षता और रचनात्मक दृष्टिकोण से परिचित कराया। जिसमे विद्यार्थियों ने जलरंग के माध्यम से प्रकृति चित्रण, रंगों की पारदर्शिता, और परत दर परत काम करने की विधियों के बारे में गहरी जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का समन्वय शोधार्थी मनु वर्मा द्वारा किया गया और संचालन शोधार्थी अनुज मिश्रा ने किया।

## रेड क्रॉस की पहल : प्राथमिक उपचार से जीवन बचाना अब है आसान

प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यशाला

अखंड भारत संदेश



कार्यशाला में उपस्थित अतिथिगण

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी/अध्यक्ष रेड क्रास सोसाइटी के निर्देश में आकांक्षा समिति एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान में मंगलवार को मंदाकिनी अतिथि गृह कालूपुर में एक प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यशाला की गई। इस कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉक्टर तनुषा टी आर ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य था, लोगों को प्राथमिक उपचार के महत्व के बारे में जागरूक करना व प्रशिक्षित करना, ताकि जब भी किसी दुर्घटना या बीमारी का सामना हो, वे तत्परता से पीड़ित व्यक्ति को आवश्यक प्राथमिक उपचार दे सकें।

कार्यक्रम में अपने संबोधन में डॉ तनुषा टीआर ने कहा कि गर्मी के मौसम में बीमारियों के साथ-साथ दुर्घटनाएं, अग्निकांड और सांप-बिच्छू के काटने की घटनाएं भी बढ़ जाती हैं। इस कार्यशाला में हम यही सीखेंगे कि इन घटनाओं के दौरान कैसे त्वरित और सही प्राथमिक उपचार दिया जाए। बताया कि कार्यशाला के पहले चरण में पेट्रोल पंप कर्मचारियों, गैस डीलरों और फायर ब्रिगेड के जवानों को प्रशिक्षित किया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में आशा कार्यकताओं, आंगनवाड़ी शिक्षिकाओं और अन्य समुदायों को जागरूक किया जाएगा। रेड क्रॉस मुख्यालय लखनऊ से आईं श्रीमती रूपांशी रस्तोगी ने प्रैक्टिकल डेमो करके यह बताया कि दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को पट्टी कैसे बांधी जाती है, हार्ट अटैक के दौरान सीपीआर कैसे दिया जाता है। इस कार्यक्रम में सीओ सिटी राजकमल, डीएसओ आनंद कुमार सिंह, एसीएमओ डॉक्टर एके जतरिया, चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गौरव जैदका, सीएफओ पवन त्यागी, रेड क्रॉस सचिव केशव शिवहरेसमेत अन्यं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डीपीएम आर के करवरिया द्वारा किया गया।

## भरतकूप की खदानें या यमलोक के द्वार? खदानों में पिघलती जिंदगियां

अखंड भारत संदेश

- गोंडा गांव में बरसे पत्थर
- मजदूरों की जान सांसत में
- चित्रकूट सुलग रहा है

**चित्रकूट।** चित्रकूट की धरती, जिसे तपस्वियों की तपोभूमि कहा जाता है, आज धनलोभी माफियाओं की खदानों में दरक रही है। और ये दरारें केवल पहाड़ों में नहीं, बल्कि आमजन के जीवन, विश्वास और सुरक्षा में भी पड़ रही हैं। कुछ ही दिन पहले भरतकूप क्षेत्र में एमपी जायसवाल की खदान में एक विशाल विस्फोट ने मजदूरों और एक बड़े डंपर को निगल लिया था। हादसा इतना भयानक था कि मिट्टी, मशीन और मानवीय चीत्कार सब एक साथ दब गए। प्रशासन की प्रतिक्रिया वही घिसी-पिटी-जांच जारी है।

लेकिन अभी उस हादसे की राख ठंडी भी नहीं हुई थी कि भरतकूप के ही गोंडा गांव में रज्जन शर्मा की खदान से हुआ विस्फोट लोगों के घरों तक आ पहुंचा। सोमवार की संध्या जब ग्रामीण अपनी दिनचर्या में मग्न थे, तभी आकाश से पत्थरों की बारिश होने लगी। बडे-बडे पत्थर छतें तोड़ते हुए गिरने लगे। बच्चों की चीखें, स्त्रियों का विलाप और पुरुषों की भगदड़- पूरा गांव किसी युद्ध क्षेत्र में बदल गया। क्या यह कोई स्वाभाविक आपदा थी? नहीं। यह था मुनाफाखोर माफिया की लालचपूर्ण क्रूरता का जीवंत उदाहरण। गाटा संख्या 1078, खंड 23 पर स्थित खदान में की गई यह ब्लास्टिंग एलाउड लिमिट से कई गुना अधिक थी। इतनी अधिक कि जमीन कांप उठी और पत्थर गांव के आंगनों में आ गिरे। यहां प्रश्न मात्र सुरक्षा का नहीं, बल्कि नैतिकता का है। इन खदानों में ना श्रमिकों के लिए सेफ्टी इक्विपमेंट हैं, ना चिकित्सा सुविधा, ना ही कोई इमरजेंसी प्लान। मजदूर यहां रोज मौत से गले मिलते हैं, और प्रशासन उन्हें केवल मजदूर संख्या में गिनता है। खनन माफिया शासन के आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए बेलगाम दौड़ रहा है। जिले की खदानों में जिस तरह दुर्घटनाएं हो रही हैं उनसे स्पष्ट सवाल बनता है कि क्या मजदूरों की जानें इतनी सस्ती हैं कि मौत भी प्राकृतिक दुर्घटना घोषित कर दी जाए? यह रिपोर्ट केवल खबर नहीं, एक चेतावनी है - चित्रकूट सुलग रहा है। अगर आज ऐसी खदानें बंद नही हुई, तो आने वाला कल केवल मलबा और सन्नाटा ही छोड़ेगा। इस संबंध में जिम्मेदार अधिकारियों से बात करने की कोशिश की गई पर बात नही हो सकी।

## नशा नहीं, शिक्षा बने जीवन का आधार- नशामुक्ति व विधिक साक्षरता अभियान

नशामुक्त समाज की सबसे बड़ी शक्ति छात्राएं

अखंड भारत संदेश




नशामुक्ति व विधिक साक्षरता अभियान में छात्र-छात्राओं को जागरू करते अधिकारीगण

**मऊ/चित्रकूट।** महामती प्राणनाथ महाविद्यालय मऊ में सेवा भारती के तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान एवं जिला विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन सोमवार को हुआ। इस कार्यक्रम में अधिकारियों, सामाजिक कार्यकताओं और शिक्षा जगत से जुड़े गणमान्य लोगों की भागीदारी रही, जिन्होंने छात्र-छात्राओं को नशे के विरुद्ध जागरूक किया और अपने अधिकारों के प्रति साक्षर बनने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी मऊ सौरभ यादव ने नशे के सामाजिक व पारिवारिक दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने चित्रकूट के सोनेपुर निवासी एक रिक्शा चालक की मार्मिक घटना साझा करते हुए बताया कि कैसे नशे की लत ने एक पूरा परिवार बर्बाद कर दिया। विशिष्ट अतिथि जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने कहा कि नशा हमारे जीवन का सबसे बड़ा नासूर है। उन्होंने छात्रों को संगति और लक्ष्य के महत्व को समझाते हुए कहा कि यदि आप दिशा में हैं, तो सफलता निश्चित है, अन्यथा विसंगति आपका सब कुछ लील सकती है। सेवा भारती के जिला महामंत्री राज किशोर शिवहरे ने कहा कि नशामुक्त समाज की सबसे बड़ी शक्ति छात्राएं हैं। यदि वे अपने परिवार में नशे की आदतों पर रोक लगाने का प्रयास करें, तो समाज में व्यापक परिवर्तन संभव है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा भारती के जिला अध्यक्ष गुरु प्रकाश शुक्ला ने की। संचालन शिक्षक पूरन सिंह ने किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संतोष कुमार चतुर्वेदी ने कॉलेज की शैक्षणिक उपलब्धियों और आवश्यकताओं की चर्चा करते हुए सरकार से बीए पाठ्यक्रम में अतिरिक्त विषय वर्गों की स्वीकृति की मांग की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## जमीन के झगड़े में रॉड से हमला एक ही परिवार के चार घायल

अखंड भारत संदेश


हमले से घायल बाबूलाल

**चित्रकूट।** थाना भरतकूप के एक जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया जब पड़ोसियों ने एक बुजुर्ग व्यक्ति पर रॉड से हमला कर दिया। इस हमले में पीड़ित के अलावा उनकी पत्नी, बेटा और बेटी भी घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बाबूलाल शर्मा पुत्र स्व लक्ष्मी प्रसाद निवासी थाना भरतकूप ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि सोमवार सुबह करीब 8:30 बजे वह अपने घर पर बैठे थे। उनके घर के सामने अमलेन्दु उपाध्याय व विमलेन्दु उपाध्याय का मकान है। बाबूलाल के अनुसार, मकान के सामने जो जमीन खाली पड़ी है, उसमें उनका भी हिस्सा है। आरोप लगाया कि जब वह उस जमीन पर बातचीत के दौरान टीन हटाने की बात कर रहे थे, तभी विमलेन्दु और अमलेन्दु ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसी दौरान विमलेन्दु ने बाबूलाल पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। शोर सुनकर बीच-बचाव को पहुँचे बाबूलाल के बेटे भगवानदास, पत्नी सुबदा देवी और पुत्री गीता देवी को भी चोटें आईं। बाबूलाल के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए भरतकूप थाना पुलिस ने तत्काल एफआईआर दर्ज कर ली है और घटना की जांच शुरू कर दी है। थाना भरतकूप प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मोदी मेरे... पहलगाम पर तनाव के बीच पहली बार सामनें आया हाफिज का बेटा !

**पाकिस्तान**

**पहलगाम** आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से जवाबी कार्रवाई की आशंकाओं के बीच, लश्कर-ए-तैयबा और जमात-उद-दावा के प्रमुख हाफिज सईद के बेटे तल्हा सईद ने अपने पिता की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। हाफिज सईद के बेटे का कबूलनामा सामने आया है। इस कबूलनामे में उसने कहा कि मेरे वालिद पाकिस्तान में पूरी तरह से महफूज हैं। तल्हा सईद ने कहा कि मोदी मेरे वालिद को मारना चाहते हैं। ल्हा सईद, जो खुद एक घोषित आतंकवादी है और वर्तमान में भारत की 57 सर्वाधिक वांछित आतंकवादियों की सूची में 32वें स्थान पर है, पाकिस्तान में एक सभा को संबोधित करते हुए अपने पिता की सुरक्षा के बारे में अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हम जानते हैं मोदी कि तुम मेरे वालिद को निशाना बनाना चाहते हो। तुमने ये कोशिश की थी कि हाफिज सईद भी, वो पाकिस्तान के शहरों से निकलकर पूरी दुनिया में दहशतगर्दी का आलाप चलाया, प्रोपगैंडा किया। लेकिन वो अल्लाह के करम से आज भी पाकिस्तान में महफूज हैं।



संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादी हाफिज सईद का बेटा तल्हा सईद ने अगर मोदी ने पानी की सप्लाई बंद कर दी... इंशाअल्लाह, तो हम आपकी सांसें बंद कर देंगे। इन नदियों में खून बहेगा। यह पहला मौका नहीं है, जब तल्हा अपने पिता हाफिज सईद के समर्थन में खुलकर उतर गया है। तल्हा को पिछले ही दिनों लश्कर ए तैयबा में वित्त विभाग की कमान सौंपी गई थी। तल्हा को हाफिज सईद अपनी कुर्सी सौंपने की तैयारी में है। तल्हा रात के वक्त में अपनी रैली का आयोजन करता है, जहां पाकिस्तान के लोगों को भारत के खिलाफ भड़काता है।

पाकिस्तान सरकार ने हाफि ज सईद की सुरक्षा के लिए स्पेशल सर्विस ग्रुप के भूतपूर्व कमांडो को नियुक्त किया है और लाहौर के मोहल्ला जोहर में स्थित उसके आवास पर अतिरिक्त लोगों को तैनात किया है। टाइम्स ऑफ इंडिया के अनुसार सईद को जानबूझकर घनी आबादी वाले इलाके में रखा गया है, जहाँ आम पाकिस्तानी नागरिकों के घरों के अलावा एक मस्जिद और मदरसा भी है। आधिकारिक तौर पर सईद कई आतंकी वित्तपोषण मामलों में 46 साल की जेल की सजा काट रहा है। 77 वर्षीय हाफिज सईद अमेरिका और भारत दोनों को 2008 के घातक मुंबई हमलों के अलावा पहलगाम हत्याकांड के लिए वांछित है। तलहा सईद का वीडियो ऐसे समय में सामने आया है जब पाकिस्तान हालिया आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से संभावित जवाबी कार्रवाई को लेकर चिंता में है।

# भारत को आतंकवाद के खिलाफ खड़ा होना होगा, अमेरिकी सदन में हुआ ऐलान, संसाधनों से मदद करेगा ट्रंप

**अमेरिका**

**अमेरिकी** प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष माइक जॉनसन ने कहा है कि पहलगाम हमले को लेकर नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच बढ़ते तनाव के बीच वाशिंगटन आतंकवाद के खिलाफ भारत की रक्षा में उसका समर्थन करेगा। जॉनसन ने कैपिटल हिल में कांग्रेस की ब्रीफिंग में कहा कि भारत को आतंकवाद के खिलाफ खड़ा होना होगा। हम उन प्रयासों का समर्थन करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। ट्रम्प प्रशासन आतंकवाद से लड़ने के लिए भारत को ऊर्जा और संसाधनों के साथ मदद करेगा। जॉनसन की यह टिप्पणी अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा पिछले सप्ताह विदेश मंत्री एस जयशंकर से फोन पर बात करने के बाद आई है, जिसमें उन्होंने भारत को पाकिस्तान के साथ मिलकर



तनाव कम करने और दक्षिण एशिया में शांति बनाए रखने के लिए काम करने के लिए प्रोत्साहित किया था। रुबियो के साथ अपनी बातचीत के दौरान, जयशंकर ने बताया कि दुखद पहलगाम आतंकी हमले के पीछे के अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए।

अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि विदेश मंत्री रुबियो ने चरमपंथ के खिलाफ लड़ाई में भारत के प्रति समर्थन व्यक्त किया और पाकिस्तान से 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की जांच में सहयोग करने का आग्रह किया, जिसमें पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों ने 26 निर्दोष लोगों की हत्या कर दी थी, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच उभरे नए खतरे के मद्देनजर सभी राज्यों से बुधवार को मॉक ड्रिल करने को कहा है। गृह मंत्रालय के एक संचार के अनुसार, मॉक ड्रिल के दौरान किए जाने वाले उपायों में हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन का संचालन, शत्रुतापूर्ण हमले की स्थिति में खुद को बचाने के लिए नागरिक-सुरक्षा पहलुओं पर नागरिकों को प्रशिक्षण देना और बंकरों और खाइयों की सफाई करना शामिल है।

## भारत-पाक तनाव के बीच जापान ने पलट दी बाजी, फंस गए धर्म के नाम पर साथ आए इस्लामिक देश

**जापान**

**पाकिस्तान** के साथ आए इस्लामिक राष्ट्रों का जवाब देने के लिए भारत के साथ रूस, इजरायल और जापान जैसे देश मजबूती से आकर खड़े हो गए हैं। धर्म के नाम पर तुर्कीए पाकिस्तान के साथ खड़ा है। रूस आतंकवाद के खिलाफ भारत के हर एक्शन का समर्थन कर रहा है। धर्म के नाम पर ईरान पाकिस्तान की निंदा नहीं कर रहा है। वहीं इजरायल आतंकवाद के खिलाफ भारत को पूर्ण समर्थन दे रहा है। धर्म के नाम पर मलेशिया पाकिस्तान की मांग का समर्थन कर रहा है। जापान ने आतंक के खिलाफ भारत को अपना समर्थन दिया है।

जापान के रक्षा मंत्री जनरल नकातानी भी भारत पहुंचे। उन्होंने भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से बात की। पहलगाम हमले पर भारत के साथ एकजुटता दिखाई। इस मुद्दे पर भारत को पूर्ण समर्थन देने की पेशकश की। यानी जापान ने भी साफ कर दिया है कि इस जंग में आतंकवाद के खिलाफ और भारत के साथ मजबूती से खड़ा है।

# हूतियों पर इजरायल ने इतना मिसाइल गिराया

**इजरायल**

**इजरायल** के तेल अवीव में दो दिन पहले एक मिसाइल हमला हुआ। ये हमला यमन के हूती विद्रोहियों ने किया। लेकिन अब हूती विद्रोहियों को इजरायल का जवाब मिल गया है। इजरायल ने यमन में हूती विद्रोहियों के कई ठिकानों को जबरदस्त हमला करके नेस्तनाबूद कर दिया है। इजरायल की ओर से उड़े 30 लड़ाकू विमानों ने हूतियों के ठिकानों को चुन चुनकर उड़ाया है। ऐसी आग बरसाई है कि पूरा यमन धुंआं धुंआ हो गया है। इजरायल ने एयरस्ट्राइक में यमन के बंदरगाह शहर होदेदा को निशाना बनाया है। ये घटना ईरान समर्थित





हूती विद्रोहियों के उस कृत्य का परिणाम है जिसमें उन्होंने तेल अवीव के एयरपोर्ट के पास मिसाइल दागी थी।

इजराइल की सेना ने यमन में लाल सागर के किनारे स्थित होदेदा शहर में हूती विद्रोहियों के खिलाफ हवाई हमले किए। यह हमला ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों द्वारा इजराइल के मुख्य हवाई अड्डे पर मिसाइल दागे जाने के एक दिन बाद किया गया।

हूती विद्रोहियों के मीडिया कार्यालय ने कहा कि अमेरिका और इजराइल ने सोमवार दोपहर कम से कम छह हमले किए, जो महत्वपूर्ण होदेदा बंदरगाह को निशाना बनाकर किए गए। विद्रोहियों ने कहा कि अन्य हमलों में होदेदा प्रांत के बाजिल जिले में एक सीमेंट फैक्टरी को निशाना बनाया गया। यमन के ईरान समर्थित विद्रोहियों द्वारा रविवार को दागी गई मिसाइल के कारण इजराइल के मुख्य अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ानें कुछ समय के लिए बाधित हो गईं।

# यूक्रेन ने रूस पर कर दी ड्रोन की बरसात




**यूक्रेन**

**मॉस्को** के मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने सोशल मीडिया पर पुष्टि की कि कम से कम 19 यूक्रेनी ड्रोन को शहर में प्रवेश करने से पहले ही रोक दिया गया और नष्ट कर दिया गया, हमले विभिन्न दिशाओं से आ रहे थे। हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन कथित तौर पर गिराए गए ड्रोन के टुकड़े राजधानी की ओर जाने वाले एक प्रमुख राजमार्ग पर गिरे, जिससे कुछ समय के लिए व्यवधान उत्पन्न हुआ। रूस ने कहा कि यूक्रेन ने अपनी राजधानी मॉस्को को निशाना बनाते हुए लगातार दूसरी बार रात में ड्रोन हमला किया। रूसी विमानन प्राधिकरण रोसावियात्सिया के अनुसार, एहतियात के तौर पर मॉस्को के सभी चार प्रमुख हवाई अड्डों को कई घंटों के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने सोशल मीडिया पर पुष्टि की कि कम से कम 19 यूक्रेनी ड्रोन को शहर में प्रवेश करने से पहले ही रोक दिया गया और नष्ट कर दिया गया, हमले विभिन्न दिशाओं से आ रहे थे। हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन कथित तौर पर गिराए गए ड्रोन के टुकड़े राजधानी की ओर जाने वाले एक प्रमुख राजमार्ग पर गिरे, जिससे कुछ समय के लिए व्यवधान उत्पन्न हुआ। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, यूक्रेन के खार्किव शहर पर रूसी ड्रोन हमले में कम से कम 47 लोग घायल होने के कुछ दिनों बाद यह घटना घटी है। खार्किव के मेयर इहोर तेरेखोव ने कहा कि ड्रोन ने 2 मई को शहर में 12 स्थानों पर हमला किया। खार्किव क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव के अनुसार, हमले में आवासीय भवन, नागरिक बुनियादी ढांचे और वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

# PoK से हटो वरना सब कुछ खो दोगे! गिड़गिड़ाने पर भी UN में नहीं हुआ कोई असर

**संयुक्त राष्ट्र**

**संयुक्त** राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में पाकिस्तान की बड़ी फजीहत सामने आई है। पाकिस्तान की हालत इन दिनों ऐसी हो चली है कि वो सीधे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सामने जाकर गिड़गिड़ाने लगा है। यूएनएससी की बैठक के बाद कोई भी निष्कर्ष नहीं निकला है। यूएनएससी की तरफ से कोई भी बयान जारी नहीं किया गया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने पाकिस्तान को झटका देते हुए क्लीयर कट कह दिया कि पहले पीओके से अपने सैनिक हटाओ। तभी कोई बातचीत संभव है। वहीं भारत से कहा कि थोड़ा रुक जाइए। वहीं बैठक के बाद पाकिस्तान ने फिर से कश्मीर का राग अलापा है। पाकिस्तान के अनुरोध के बाद यूएनएससी



की क्लोज डोर मीटिंग बुलाई गई थी। सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने अपने अनौपचारिक सत्र में पाकिस्तान से कड़े सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि भारत के साथ द्विपक्षीय रूप से मुद्दों को सुलझाने की सलाह दी गई। सूत्रों ने कहा कि आतंकवादी हमले की व्यापक निंदा की गई और जवाबदेही की आवश्यकता को स्वीकारा गया। कुछ सदस्यों ने विशेष रूप से धार्मिक आस्था के आधार पर पर्यटकों को निशाना बनाने का मुद्दा उठाया। यूएनएससी सदस्यों ने पूछा कि क्या पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के इसमें शामिल होने की संभावना है या नहीं। सुरक्षा परिषद की यह बैठक सोमवार दोपहर को लगभग डेढ़ घंटे तक चली। बैठक का आयोजन यूएनएससी चैंबर में नहीं बल्कि उसके बगल के परामर्श कक्ष में हुआ।

स्थिति का अंतरराष्ट्रीयकरण करने के पाकिस्तान के प्रयास भी विफल रहे। कई सदस्यों ने चिंता व्यक्त की कि पाकिस्तान के मिसाइल परीक्षण और परमाणु बयानबाजी ने स्थिति को बिगाड़ने का काम किया। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद ने संवाददाताओं से कहा कि बैठक में देश के उद्देश्य काफी हद तक पूरे और हासिल किए गए।

उन्होंने कहा कि बंद कमरे में हुई बैठक का उद्देश्य परिषद के सदस्यों को भारत-पाकिस्तान के बीच बिगड़ते सुरक्षा माहौल और बढ़ते तनाव पर चर्चा करने तथा इस स्थिति से निपटने के तरीकों पर विचारों का आदान-प्रदान करने में सक्षम बनाना है। इसमें गंभीर परिणाम पैदा करने वाले टकराव से बचना और तनाव कम करने की आवश्यकता भी शामिल है।

# कौन हैं बलविंदर सहनी? भारतीय अरबपति को दुबई में क्यों हुई 5 साल की जेल

**दुबई**

**मनी** लॉन्ड्रिंग मामले में साहनी के साथ दोषी ठहराए गए 32 व्यक्तियों में उनका बेटा भी शामिल है। 53 वर्षीय व्यवसायी राज साहनी ग्रुप के संस्थापक और अध्यक्ष हैं, जो यूएई, अमेरिका, भारत और अन्य देशों में परिचालन करने वाली एक संपत्ति विकास फर्म है। दुबई में रहने वाले भारतीय अरबपति बलविंदर सिंह साहनी, जिन्हें 'अबू सबा' के नाम से भी जाना जाता है, को पिछले हफ़्ते दुबई की एक अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में पाँच साल की सजा सुनाई थी। गल्फ न्यूज के अनुसार, अदालत ने उनसे 150 मिलियन अएऊ (करीब 344 करोड़ रुपये) जब्त करने का भी आदेश दिया है। दुबई के कुलीन वर्ग में एक प्रसिद्ध व्यक्ति साहनी को फर्जी कंपनियों और जाली चालान के नेटवर्क के माध्यम से 150 मिलियन अएऊ की लूट का दोषी ठहराया गया है।

दुबई की चौथी आपराधिक अदालत ने उन्हें पांच साल की जेल की सजा सुनाई और 500,000 अएऊ का जुमार्ना लगाया। अदालत ने यह भी निर्देश दिया है कि साहनी को पांच साल की जेल की सजा काटने के बाद निर्वासित किया जाए।

खलीज टाइम्स के अनुसार, मनी लॉन्ड्रिंग मामले में साहनी के साथ दोषी ठहराए गए 32 व्यक्तियों में उनका बेटा भी शामिल है। 53 वर्षीय व्यवसायी राज साहनी ग्रुप के संस्थापक और अध्यक्ष हैं, जो यूएई, अमेरिका, भारत और अन्य देशों में परिचालन करने वाली एक संपत्ति विकास फर्म है।

# नेतन्याहू के वॉर कैबिनेट की मंजूरी, गाजा को पूरी तरह अपने कब्जे में लेगा इजराइल

**इजराइल**

**इजराइली** पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के नेतृत्व वाली वॉर कैबिनेट ने गाजा पर पूरी तरह नियंत्रण और कब्जे की योजना को हरी झंडी दे दी है। नई योजना के तहत इजराइली सेना गाजा को अपने कब्जे में लेगी और अनिश्चितकाल तक वहां मौजूद रहेगी। इस योजना को लागू करने के लिए इजराइल सैन्य अभियानों का दायरा बढ़ाएगा। इजराइल का कहना है कि इस कदम से हमास को परास्त करने और गाजा में बंधक बनाए गए इजराइली नागरिकों को छुड़ाने में मदद मिलेगी। साथ ही इजराइल अब गाजा में सहायता वितरण का नियंत्रण भी अपने हाथ में लेने की योजना बना रहा है।

इस योजना को मंजूरी तब मिली जब इजरायली सैन्य प्रमुख ने कहा कि सेना



हजारों रिजर्व सैनिकों को बुला रही है। योजना का विवरण औपचारिक रूप से घोषित नहीं किया गया था, और इसका सटीक समय और कार्यान्वयन स्पष्ट नहीं था। इस योजना को युद्ध विराम वार्ता में रियायतें देने के लिए हमास पर दबाव डालने की इजरायल की रणनीति के संदर्भ में देखा जा रहा है।

एक इजरायली रक्षा अधिकारी के अनुसार, इस योजना को तब तक सामने नहीं लाया जाएगा जब तक कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इस महीने मध्य पूर्व की अपनी अपेक्षित यात्रा पूरी नहीं कर लेते, जिससे इस बात की संभावना बनी रहती है कि इस बीच इजरायल युद्ध विराम पर सहमत हो सकता है। 2005 में, दशकों तक चले कब्जे के बाद इजरायल ने गाजा से अपना कदम वापस खींच लिया था। बाद में, उसने मिस्र के साथ मिलकर इस क्षेत्र पर नाकाबंदी कर दी। इस क्षेत्र पर अनिश्चित काल के लिए फिर से कब्जा करने के इजराइल के प्रयासों से न केवल फि लिस्तीनी राज्य की उम्मीदें और कम होंगी, बल्कि यह इजराइल को एक ऐसी आबादी के बीच भी ले जाएगा जो इसके प्रति गहरी शत्रुतापूर्ण है और इस बात पर सवाल उठाएगा कि इजराइल इस क्षेत्र पर शासन करने की योजना कैसे बना रहा है, खासकर ऐसे समय में जब वह ट्रम्प के गाजा पर कब्जा करने के दृष्टिकोण को लागू करने पर विचार कर रहा है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI NO. UPHIN/2001/09025

प्रबन्धक

अनूप मिश्रा

ऑफिस मो.: 9565333000

Email: akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# भारत और पाकिस्तान तनाव के बीच यूएनएससी ने की गुप्त बैठक

**संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त** राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव पर एक गुप्त बैठक की, जिसे परिषद के अध्यक्ष इवेंजेलोस सेकेरिस ने उपयोगी बताया।

सोमवार को बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सेकेरिस ने कहा कि सुरक्षा परिषद ऐसी स्थिति में तनाव कम करने में हमेशा मददगार होती है और यह परिषद की जिम्मेदारी है।

चूंकि यह एक गुप्त बैठक थी, इसलिए इसके विवरण गोपनीय हैं और कोई आधिकारिक रिकॉर्ड नहीं है। बैठक को जानकारी देने वाले सहायक महासचिव मोहम्मद खालिद खैरी ने बाहर निकलते हुए कहा कि सभी तनाव कम करना चाहते हैं। स्थिति के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, "स्थिति अस्थिर है," और उन्होंने इस बारे में विस्तार से नहीं बताया।

बैठक में शामिल रूस की उप स्थायी प्रतिनिधि अन्ना इवेस्टिग्नेवा ने कहा, "हमें तनाव कम होने की उम्मीद है।" बता दें कि सेकेरिस ने पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि असीम इफ्तिखार अहमद के अनुरोध पर बैठक बुलाई। अहमद ने गुप्त बैठक की मांग की थी, क्योंकि परिषद के नियमों के अनुसार गैर-सदस्य देश इसमें भाग नहीं ले सकते। इस गुप्त बैठक में भारत को शामिल होने से रोक दिया गया, क्योंकि यह केवल सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों के लिए थी और पाकिस्तान, जो वर्तमान में निर्वाचित सदस्य है, उसी ने इसमें हिस्सा लिया था।

बैठक से पहले, महासचिव एंटोनियो



गुटेरेस ने कहा कि स्थिति गंभीर है और दोनों देशों से खतरनाक स्थिति से पीछे हटने की अपील की। उन्होंने कहा, "इस महत्वपूर्ण समय में सैन्य टकराव से बचना जरूरी है, जो आसानी से नियंत्रण से बाहर जा सकता है।"

पिछले महीने पहलगाम में 26 लोगों की हत्या की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए उन्होंने कहा, "मैं इस भयानक आतंकी हमले के बाद लोगों की गहरी भावनाओं को समझता हूं।"

बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि असीम इफ्तिखार अहमद ने भारत के इस आरोप को सिरे से खारिज किया कि पाकिस्तान का हमले में कोई हाथ था। उन्होंने कहा कि कश्मीर एक विवादित क्षेत्र है,

जहां व्यापक असंतोष है, जो भारत के साथ समस्या की जड़ है, न कि आतंकवाद। साथ ही, उन्होंने भारत के साथ सहयोग की पेशकश भी की।

## आतंकियों को ठोको, फिर भेज दिया वो घातक हथियार

**रूस**

**पहलगाम** आतंकी हमले को 13 दिन बीत चुके हैं और हर भारतीयों के मन में एक ही सवाल है कि भारत इस हमले का कब जवाब देगा? 2016 के उरी और 2019 के पुलवामा हमले के बाद भारत ने 11 और 12 दिनों के भीतर पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक की थी। पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कड़े बयानों से संकेत मिल रहा है कि जवाबी कार्रवाई जल्द हो सकती है।